विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 211 | कोरबा, गुरुवार , दिनांक 02 मई 2024 डाक 03 मई 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और विदिशा लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर के श्री चिंतामन गणेश मंदिर में पूजा की



**देश-विदेश**
कांग्रेस का 400 रुपये प्रति दिन की राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी का वादा ही है असली 400 पार : जयराम रमेश



**फीचर पेज**
गर्मियों में ट्रैवल कर रहे हैं तो ऐसे तैयार रहें कंफर्टेबल के साथ-साथ स्टाइलिश भी दिखेंगी




## कैसरगंज से बृजभूषण शरण सिंह के टिकट कटने की अटकलें बेटे करण भूषण लड़ेंगे चुनाव!



**गोंडा, 02 मई [एजेंसी]।**

कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा ने सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटने का संकेत दिया है। इस सीट पर उनकी जगह बेटे करण भूषण सिंह के उम्मीदवार बनाए जाने की अटकलें हैं। नवाबगंज के पैतृक गांव विश्नोहरपुर में सांसद के सर्मथकों ने जिंदाबाद के नारे लगाए और बधाई दी। करणभूषण सिंह ने पिता के पैर छूकर आशीर्वाद लिए। इंटरनेट मीडिया पर करण भूषण सिंह को टिकट मिलने की चर्चा है। करण भूषण सिंह ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में चार सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किया। करण भूषण सिंह का जन्म 13 दिसंबर 1990 को हुआ था। करण भूषण सिंह के एक बेटी और एक बेटा है। वह डबल ट्रैप शूटिंग के नेशनल खिलाड़ी रह चुके हैं। मिली जानकारी के अनुसार, करण भूषण विदेश से पढ़े लिखे हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया से बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई की है। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं और वह पहली बार कोई चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसी खबर है कि करण भूषण तीन मई को अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं।

### लुधियाना में बड़ा हादसा, रबड़ फैक्ट्री में बॉयलर फटने से दो मजदूरों की मौत

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां एक रबड़ फैक्ट्री में बॉयलर फटने से दो मजदूरों की मौत हो गई। यह हादसा कल देर रात शहर के जसपाल बांगर गांव के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र में मौजूद एक फैक्ट्री में हुआ। इस हादसे की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया गया है।

## शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उतावला है पाकिस्तान, पीएम मोदी का राहुल गांधी पर निशाना

**आणंद , 02 मई [एजेंसी]।**



लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण से पहले गुजरात के आणंद में आज पीएम मोदी ने एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने 60 सालों तक बैंक कब्जाए। कांग्रेस के शहजादे माथे पर संविधान रखकर नाच रहे हैं, लेकिन कांग्रेस मुझे जवाब दे कि क्या इस देश में 75 साल तक हिंदुस्तान के सभी हिस्सों पर लागू नहीं होता था। उन्होंने आगे कहा कि मोदी के आने से पहले दो संविधान, दो झंडे, दो प्रधानमंत्री थे। आपकी पार्टी कांग्रेस ने कश्मीर में हिंदुस्तान का लागू नहीं होने दिया। धारा 370 दीवार बनकर बैठी थी। सरदार पटेल की भूमि से आए इस बेटे ने उस 370 को जमींदोज कर दिया और सरदार साहब को श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने आगे कहा, मैंने कश्मीर में तिरंगा झंडा फहराकर, भारत का संविधान झंडा फहराकर सरदार साहब का सपना पूरा किया। दो देश कभी आतंकी एक्सपोर्ट करता था वो आटे के इंपोर्ट के लिए दर-दर भटक रहा था। जिसके हाथ में बम का गोला था उसके हाथ में भीख का कटोरा है। पीएम मोदी ने आगे आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस और आई.एन.डी.आई. गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस को तीन चुनौती दी है।

उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस और उनके चट्टे-बट्टे को तीन चुनौती देता हूं। पहला, वो लिखित में दें कि धर्म के आधार पर वो मुसलमानों को आरक्षण नहीं देने देगी। दूसरा, वो एस-एसटी को मिलने वाली आरक्षण में सेंधमारी नहीं मारेगी। तीसरा, जिन-जिन राज्यो में कांग्रेस और उनकी साथियों की सरकार है वो वोट बैंक की राजनीति नहीं करेंगे और बैकडोर से ओबीसी का आरक्षण काटकर मुसलमानों को नहीं देगी। मैं जानता हूं कि कांग्रेस मेरी चुनौतियों को स्वीकार नहीं करेगी क्योंकि कांग्रेस की नीयत में खोट है। प्रधानमंत्री ने आगे कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा,संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। मजा ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं। शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। और कांग्रेस तो पाकिस्तान की मुरीद है ही पाकिस्तान और कांग्रेस की ये पार्टनरशिप अब पूरी तरह एक्सपोज हो गई है।

कांग्रेस की कमजोर सरकार आतंक की आकाओं को डोजियर देती थी। मोदी सरकार डोजियर में टाइम बर्बाद नहीं करती। आतंकियों को घर में घुसकर मारती है। पीएम मोदी ने आगे कहा, देश ने 60 साल तक कांग्रेस का राज देखा है। अब देश ने 10 साल भाजपा का सेवाकाल भी देखा है। वो शासनकाल था, ये सेवाकाल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, 2014 में जब आपने अपने इस बेटे को गुजरात से दिल्ली भेजकर देश की सेवा करने का आदेश दिया, उस समय देश के प्रधानमंत्री बड़े विद्वान अर्थशास्त्री थे। जब उन्होंने छोड़ा था, तब देश दुनिया में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था था। 10 साल में इस गुजराती ने, चाय वाले ने देश की इकोनॉमी को 5वें नंबर पर पहुंचा दिया।

## बरात दरवाजे पर आई तो जोश-जोश में दूल्हे ने किया ऐसा काम, घराती-बराती के उड़े होश, जयमाल छोड़ पहुंचे अस्पताल

**राजनांदगांव, 02 मई [एजेंसी]।**



छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में शादी के जश्न और खुशी के बीच एक बड़ा हादसा हो गया। यहां जब बरात जब दुल्हन के घर पहुंची तभी जोश में दूल्हे ने घराती और बरातियों पर कार चढ़ा दी। इस दुर्घटना में करीब 15 लोगों को गंभीर भी रूप घायल हो गए। दरअसल, यह मामला खैरागढ़ के टेकापार मुढ़पार की है। जहां घराती-बाराती दुर्घटना का शिकार हो गए। राजनांदगांव भेड़ीकला से बारात टेकापार गई थी। बारातियों के स्वागत की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान दूल्हे का कार चालक डीजे में नाचने चले गया। इसके बाद क्या दूल्हे ने कार की स्टेयरिंग अपने हाथों में संभाल ली।

जैसे ही दूल्हे ने स्टेयरिंग संभाली वैसे ही कार का एक्सीलेटर अचानक से बढ़ गया और कार सीधे बारातियों और घरातियों पर चढ़ गई। कुछ देर के लिए घराती-बरातियों में अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना में करीब 15 लोगों को गंभीर चोटे आई है।

टेकापार मुड़पार में राजनांदगांव भेड़ीकला से बारात आई थी। रात आठ बजे के आसपास बारात स्वागत के लिए परघौनी की तैयारी हो रही थी। उसे देखने गांव के लोग और लडक़ी के रिश्तेदार आसपास खड़े थे। इसी दौरान दूल्हे का वाहन चालक भी बारातियों के साथ नाचने कूदने गाड़ी से उतर गया और ड्राइवर सीट पर दूल्हा आ गया। अचानक कार ने रफ्तार पकड़ ली और आसपास खड़े दर्जनभर बच्चे, महिला और बुजुर्गों को अपनी चपेट में ले लिया।

## ईडी और सीबीआई केस में जमानत के लिए दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचे मनीष सिसोदिया, कल होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति घोटाले में आरोपित दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और आप नेता मनीष सिसोदिया ने ईडी और सीबीआई केस में जमानत के लिए दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने सीबीआई और ईडी मामलों में जमानत देने से इनकार करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। इस पर दिल्ली हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मामले पर कल शुक्रवार को सुनवाई करेंगे। मनीष सिसोदिया के वकील रजत भारद्वाज और मोहम्मद इरशाद ने कहा कि याचिकाकर्ता एक विधायक हैं और अभी चुनाव का वक्त है। ऐसे में अदालत दोनों मामलों में आप नेता की जमानत पर तत्काल सुनवाई करे। उल्लेखनीय है कि सिसोदिया ने ट्रायल कोर्ट के 30 अप्रैल के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का रुख है, जिसमें दो मामलों में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। ट्रायल कोर्ट ने आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं को लेकर सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया गया था। तब से आप नेता न्यायिक हिरासत में हैं।

## 123 साल में सबसे गर्म रहा अप्रैल, मई में 11 दिनों तक लू की संभावना, टूटा औसत न्यूनतम तापमान का रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, 02 मई [एजेंसी]।**

इस साल अप्रैल का महीना सबसे गर्म रहा। 1901 के बाद से पहली बार ऐसा हुआ कि देश के अधिकतर भागों में अप्रैल में सबसे अधिक दिनों तक लू चली। मई में भी प्रचंड गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली। इस महीने देश के ज्यादातर क्षेत्रों में पारा और चढ़ेगा और लू के दिन भी बढ़कर 11 दिन तक हो सकते हैं। हालांकि, 2023 को अब तक का सबसे गर्म साल माना जाता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने मई महीने के लिए मौसम का पूर्वानुमान जारी करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अप्रैल के महीने में 5 से 7 और फिर 15 से 30 तारीख के बीच दो दौर में लू चली। औसत अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। महापात्र ने कहा कि पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में अप्रैल के महीने में औसत न्यूनतम तापमान 28.12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 1901 से दर्ज किए जा रहे तापमान में यह पहला मौका था कि इन क्षेत्रों में अप्रैल में इतना अधिक न्यूनतम तापमान रहा। उन्होंने यह भी बताया कि 1980 के दशक के बाद से दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में सामान्य से अधिक अधिकतम तापमान आम हो गया है। महापात्र ने कहा कि दक्षिण राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश, विदर्भ, मराठवाड़ा और गुजरात क्षेत्र में मई में करीब 8-11 दिनों तक लू चल सकती है।

राजस्थान के शेष भाग, पूर्वी मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों, आंतरिक ओडिशा, गांगेय पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, उत्तर आंतरिक कर्नाटक और तेलंगाना में इस महाने 5-7 दिन लू चलने की संभावना है। आमतौर पर उत्तर भारत के मैदानी इलाकों, मध्य भारत और प्रायद्वीपीय भारत के आसपास के क्षेत्रों में मई में लगभग तीन दिन लू चलती है।

### दिल्ली महिला आयोग से निकाले गए 223 कर्मचारी एलजी वीके सक्सेना के आदेश पर हुई कार्रवाई



***नईदिल्ली, 02 मई [एजेंसी]।***

*एलजी वीके सक्सेना के आदेश पर दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मचारियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया गया है। आरोप है कि दिल्ली महिला आयोग की तत्कालीन अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर बिना इजाजत इन लोगों की नियुक्ति की थी। अब दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के आदेश पर 223 कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निकाल दिया गया है।*

## सिद्धू मूसेवाला हत्या मामले में लॉरेंस, गोल्डी समेत 25 पर आरोप तय, पिता बोले-अब कुछ उम्मीद बंधी

**नईदिल्ली, 02 मई [एजेंसी]।**



मानसा गायक शुभदीप सिंह सिद्धू (सिद्धू मूसेवाला) की हत्या के मामले में मानसा जिला अदालत ने बुधवार को लॉरेंस बिश्नोई व जग्गू भगवानपुरिया समेत 25 लोगों पर आरोप तय कर दिए। इसके अलावा अदालत ने आरोपी गोल्डी बराड़, लॉरेंस बिश्नोई, जग्गू भगवानपुरिया, चरणजीत चेतन व जगतार सिंह की ओर से निर्दोष होने की लगाई गई अर्जी खारिज कर दी गई है। उन्होंने अदालत में अर्जी लगाकर सिद्धू मूसेवाला कत्ल मामले से कोई संबंध न होने की बात कही थी। अदालत में सिद्धू मामले में आरोप तय होने के बाद अदालत के फैसले पर संतुष्टि जाहिर करते हुए सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने कहा कि अब इस केस में कुछ उम्मीद बंध गई है। इससे पहले वह अंधेरे में ही हाथ मार रहे थे। उन्होंने कहा कि मूसेवाला कत्ल मामले में बहुत से सफेदपोश साजिशकर्ता हैं, लेकिन उनको अभी तक जांच में शामिल नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र व पंजाब सरकार ने इस मामले में उन्हें अभी तक परेशान ही किया है। बलकौर सिंह ने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई का जेल से जारी हुए वीडियो की भी जांच अब तक नहीं हो पाई। लॉरेंस व उसके गैंगस्टर साथियों ने सरेआम पंजाब की जेलों में बैठकर ये साजिश रची और बहुत से पुलिस अफसर विदेशों में भी चले गए, जिनको जांच में शामिल नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि एनआईए की जांच में सामने आ चुका है कि लॉरेंस बिश्नोई जेलों में बैठकर पांच करोड़ रुपये तक सालाना कमा रहा है और अब भी गैंगस्टरों की ओर से तरह-तरह के कत्ल की जिम्मेदारियां ली जा रही हैं। मानसा अदालत ने मूसेवाला कत्ल मामले में दोष तय करने के बाद इसकी अगली सुनवाई 20 मई को रखी है। बलकौर सिंह से गोल्डी बराड़ की मौत के मामले में पूछे गए सवाल पर अज्ञानता जताई।

## बर्फ से ढका केदारनाथ... बदरीनाथ, गंगोत्री में भी बर्फबारी

**रूद्रप्रयाग, 02 मई [एजेंसी]।**



केदारनाथ धाम में बर्फबारी की ताजा तस्वीरें आज सुबह-सुबह सामने आई। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में कल देर शाम बाद ही मौसम ने करवट बदली। गंगोत्री धाम सहित गौमुख ट्रैक पर भी बर्फबारी हुई। वहीं, चमोली जनपद के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई, जबकि निचले क्षेत्रों में तेज हवाएं चलने से मौसम में ठंडक आ गई।

बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, रुद्रनाथ के साथ ही अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई। बदरीनाथ धाम में बर्फबारी से मास्टर प्लान के कार्य भी प्रभावित हुए हैं। जबकि, हेमकुंड साहिब पैदल मार्ग पर बर्फ हटाने का काम भी बर्फबारी होने से प्रभावित हुआ है।

## रुसी मिसाइल का शिकार हुआ हैरी पॉटर महल, पांच लोगों की मौत, 30 घायल



**कीव, 02 मई [एजेंसी]।**

रूस और यूक्रेन के बीच पिछले दो साल से युद्ध लगातार जारी है। इस युद्ध में अब तक हजारों लोग अपनी जान गवां चुके हैं। हर दूसरे दिन दोनों देश एक दूसरे पर हमला करते रहते हैं। हाल-ही में दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा से एक हमला सामने आया है, जहां हैरी पॉटर कैसल के नाम से मशहूर यूक्रेनी इमारत पर एक रूसी मिसाइल के हमले में कम से पांच लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा इस हवाई हमले में 30 लोग घायल हो गए हैं। यूक्रेन के अभियोजक जनरल एंड्री कोस्टिन ने हमले को लेकर बताया कि हमले स्थल से 1.5 किमी के दायरे में धातु के टुकड़े और मिसाइल का मलबा बरामद किया गया। जांच में इस बात पर पुष्टि करने का आधार है कि रूसी सेना ने बड़ी संख्या में लोगों को हताहत करने के इरादे से क्लस्टर हथियारों का इस्तेमाल किया था। इस हवाई हमले में घायल हुए 30 लोगों में दो बच्चे और एक गर्भवती महिला शामिल हैं। हमले से लगभग 20 आवासीय इमारतें और बुनियादी सुविधाएं भी क्षतिग्रस्त हो गईं।

## क्रिकेटर सुरेश रैना पर टूटा दुखों का पहाड़ सड़क हादसे में ममेरे भाई समेत दो की मौत




**पठानकोट-मंडी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सनौरां के समीप पठानकोट से आ रही विंगर ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में दो युवक घायल हो गए और उन्होंने डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल टांडा में दम तोड़ दिया। हादसे के बाद विंगर चालक फरार हो गया था और उसे पुलिस ने मंडी से गिरफ्तार किया। सनौरां में मंगलवार रात स्कूटी (एचपी 40ई 8564) को विंगर ने टक्कर मार दी और चालक फरार हो गया। हादसे में घायल हुए स्कूटी सवार 29 वर्षीय सौरभ कुमार पुत्र मंगो राम निवासी गगल और 19 वर्षीय शुभम पुत्र रूमेल सिंह निवासी बनोई की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सौरभ कुमार पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना का ममेरा भाई था। सौरभ के पिता मंगो राम गगल में खराद का काम करते हैं और शुभम भी उनके पास ही काम करता था।


डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
Wedding Collection



कोटसूट | शेरवानी | इंडोवेस्टर्न
ब्लेज़र | जोधपुरी | लहंगा
U.S. POLO ASSN. MUFTI KILLER Levi's BLACKBERRYS nostrum
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# बेह्तर जनप्रतिनिधि चुनने का अवसर देता है मतदान :कलेक्टर

## मतदान के दिन घर से निकल कर मतदान करने की कलेक्टर ने की अपील







कोरबा । कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत एवं सीईओ जिला पंचायत व स्वीप नोडल अधिकारी श्री संबित मिश्रा के निर्देशन में पाली विकासखण्ड मुख्यालय में मतदाता जागरूकता, बाइक रैली, रंगोली, मेंहदी, नुक्कड़-नाटक,सामूहिक गीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पाली के आम नागरिकों और शासकीय अधिकारियो-कर्मचारियों द्वारा पाली-केराझरिया, पोड़ी तक बाइक रैली निकालकर आम मतदाताओं को मतदान दिवस में मतदान करने की अपील की गई। बाइक रैली में विभिन्न स्लोगन और संदेशों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए अपने अधिकार का उपयोग करने कहा गया। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को निष्पक्ष मतदान हेतु शपथ दिलाई। पाली के हाईस्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीण महिलाओं, महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों आमनागरिकों को कलेक्टर श्री वसंत ने शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को कलेक्टर ने संबोधित करते हुए कहा कि वोट डालने का अधिकार हमें संविधान से मिला है। हम भले ही पांच साल में एक बार मतदान करते हैं, लेकिन एक बार का मतदान हमें अपने क्षेत्र के विकास के लिए पांच साल तक बेहतर जनप्रतिनिधि चुनने का अवसर देता है, इसलिए आप सभी अपने मताधिकार का सही इस्तेमाल कर पसंद के उम्मीदवार को चुने। कलेक्टर ने कहा कि 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान है। इस दिन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य परिचय पत्र लेकर संबधित मतदान केंद्र अवश्य जाएं और वोट डालकर आएं। कलेक्टर श्री वसंत ने बताया कि वे भी हमेशा मतदान करते हैं, इस बार भी अपना कीमती वोट डालेंगे। आप सभी मतदाता है, आप अपना मत जरूर दें और अपने आसपास के मतदाताओं को भी वोट का महत्व बताते हुए उन्हें प्रेरित करें। उन्होंने लोकसभा चुनाव में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील आम मतदाताओं से की। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओं श्री संबित मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र का यह पर्व आप सभी को इसमें बढ़-चढकर शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहा है। आप सभी ठान लें कि 7 मई के दिन हमें घर से निकलना है और पास के मतदान केंद्र में जाकर कीमती वोट डालना है। उन्होंने स्वीप के माध्यम से किए जा रहे कार्यक्रम के विषय में कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य आप सभी को जागरूक करने के साथ यह भी बताना है कि आप भी अपने आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर सकें। पाली हाईसकूल में आयोजित रैली एवं अन्य कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद विद्यालय के विद्यार्थियों तथा शिक्षिकाओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर, हाथों में मेंहदी रचाकर मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया। इस दौरान यहां के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक और गीत प्रस्तुत करके मतदान का महत्व बताया। कलेक्टर ने आकाश में गुब्बारे छोड़कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। रैली में एसडीएम पाली सुश्री रूचि शार्दुल, जनपद सीईओ श्री भूपेन्द्र सोनवानी, बीईओ श्यामानंद साहू, नायब तहसीलदार सुनील गुप्ता, राशिका अग्रवाल, सीडीपीओ प्रतिभा पाण्डेय, सीएमओ पूर्णेन्दू तिवारी सहित विभिन्न विभागों के खंड व पंचायत स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# ग्रामीण क्षेत्रो में स्वीप की गतिविधियां निरंतर जारी

## रैली, नारा-लेखन, मेहंदी, रंगोली, पोस्टर निर्माण आदि के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक



कोरबा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री संबित मिश्रा सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में युवा, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

इसी कड़ी में जनपद पंचायत कटघोरा में स्कूली छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित ग्रामीणों ने गांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकालकर अनिवार्य मतदान का संदेश दिया। ग्राम पंचायत मलगांव, छुरीखुर्द एवं छिंदपुर ग्रामीण महिला-पुरूषों के द्वारा मतदान जागरूकता रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया।

विगत दिवस स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के समस्त पंचायतो मे एनआरएलएम कैडर, ग्रामीण क्षेत्र के आमजन, समस्त सचिव और जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के स्टॉफ के द्वारा पोड़ी उपरोड़ा विकास खण्ड स्तरीय मतदाता जन-जागरूकता हेतु दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इसके साथ ही 'स्वीप एवं मतदान करें', आदि शब्दों को दीपमाला से सजाया गया। हल्दी और चांवल लेकर घर-घर जाकर मतदान हेतु जनसामान्य को मतदान करने हेतु अपील की गई। गांवों में विभिन्न स्थानों पर रंगोली बना कर शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। जिला आयुर्वेद अधिकारी एवं स्टाफ के द्वारा मतदाता जागरूकता के तहत 07 मई को पहले मतदान फिर जलपान का संदेश देकर मतदाताओं का जागरूक किया गया। शासकीय हाईस्कूल लाद में छात्र-छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली बनाई गई तथा गांव में रैली निकालकर ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया गया।

### ग्रामीण मतदाताओं को दिलाई मतदान करने की शपथ

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए गांव में षपथ दिलाई गई कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाएं रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों मे अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणजन, महिला समूह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका, मितानिनों आदि उपस्थित थे।

# पाली-तानाखार विधानसभा के अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को वोट देने का आज अंतिम मौका

कोरबा । लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत 28 अप्रैल को विधानसभा क्रमांक 22 कटघोरा एवं 23 पाली-तानाखार में होम वोटिंग कराया गया था। जिसमें विधानसभा क्रमांक 23 पाली-तानाखार क्षेत्र में रूट क्रमांक 01 के दो मतदाता अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित मतदाताओं का द्वितीय चरण का होम वोटिंग 02 मई को कराया जाएगा। मतदान दल चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराएंगे। मतदाता का परिचय पत्र एपिक कार्ड या अन्य वैकल्पिक दस्तावेज के द्वारा पहचान सुनिश्चित कर मतदाता को मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जाएगी। मतदाता अपने पसंद के अभ्यर्थी के सामने निशान लगाकर मतदान करेगा।

## पूनम ज्ञानचंदानी को राजनीति विज्ञान में डॉक्ट्रेट की उपाधि

कोरबा। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा कोरबा निवासी पूनम ज्ञानचंदानी को राजनीति विज्ञान विषय में डॉक्टर ऑफ फिलासफी की उपाधि प्रदान की गई है। पूनम ने अटल विश्वविद्यालय से शोध निर्देशक डॉ. एस.एल. निराला के निर्देशन में राजनीतिक जागरूकता में प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की भूमिका एक अध्ययन (छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में) विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। इसे पूर्ण करने में उनकी माता ज्योति ज्ञानचंदानी प्रेरणा स्त्रोत बनी रहीं। पूनम सिंधी समाज कोरबा की प्रथम डॉक्टरेट महिला हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर मनरेगा श्रमिकों ने ली शत-प्रतिशत मतदान की शपथ

## 56 हजार से अधिक मनरेगा श्रमिकों ने ली शपथ, ग्रामीण मतदाताओं को मतदान हेतु किया प्रेरित



कोरबा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री संबित मिश्रा सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में युवा, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर जिले की ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा के कार्यों में कार्यरत् 56,046 श्रमिकों ने शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ लेकर ग्रामीण मतदाताओं को मतदान जागरूकता का संदेश दिया।महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के कार्यस्थलों पर तकनीकी सहायक, रोजगार सहायकों ने मनरेगा श्रमिकों को लोकसभा निर्वाचन 2024 में बिना किसी भय, प्रलोभन व पक्षपात के मतदान कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने की शपथ दिलाई।

उल्लेखनीय है कि श्रमिक दिवस के अवसर पर मनरेगा के तहत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 2258 कार्य संचालित हैं। जिसमें करतला विकासखण्ड में 8237 श्रमिक, कटघोरा में 3515 श्रमिक, कोरबा में 7882 श्रमिक, पाली में 18750 श्रमिक व पोड़ी-उपरोड़ा में 17662 महिला एवं पुरूष श्रमिक कार्यरत् हैं। मनरेगा श्रमिकों के द्वारा कार्य स्थलों पर मतदाता जागरूकता हेतु आकर्षक रंगोली बनाई गई तथा मनरेगा श्रमिकों एवं उपस्थित ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। मतदाता जागरूकता अभियान के पोस्टर और तख्तियां लेकर जागरूकता रैली भी निकाली गई। साथ ही मनरेगा के तहत श्रमिकों को प्राप्त अधिकार और हकदारियां के विषय में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर सरपंच, पंच, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करतला, कार्यक्रम अधिकारी करतला, तकनीकी सहायक, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक, मेट सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# बच्चों के लिए लगाया समर कैंप



कोरबा। इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ 1 मई 2024 को हुआ । समर कैंप के प्रथम दिन ही बच्चों की भीड़ व उत्साह ने यह साबित कर दिया कि वे इस पल के लिए कितने उत्साहित थे । सबसे महत्वपूर्ण व अच्छी बात तो यह है कि इस कैंप में इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के विद्यार्थियों के अलावा भी अन्य स्कूलों के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं । अन्य विद्यालयों के विद्यार्थी भी इस कैंप में आकर इस पल का आनंद उठा सकते हैं ।समर कैंप के प्रथम दिन ही विद्यार्थियों की बेतहासा उपस्थिति ने समर कैंप की सफलता पर मुहर लगा दी । समर कैंप हेतु पंजीयन अभी जारी है इच्छुक विद्यार्थी वे चाहे किसी भी विद्यालय के हों इस कैंप का हिस्सा बन सकते हैं अर्थात वे इस समर कैंप में अपना पंजीयन करा सकते हैं । समर कैंप के प्रथम दिन में बच्चों ने विभिन्न एक्टिविटी में शामिल होकर अपने समय का सदुपयोग किया । स्वीमिंग पुल में भी बच्चों ने जमकर अठखेलियाँ की । आर्ट एण्ड क्रॉफ्ट में भी बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को आकार दिया । पर्सनालिटी डेवलपमेंट व स्टोरी टेलिंग में भी बच्चों ने विशेष रूचि ली । कक्षा 6 वीं से लेकर 8 वीं तक के विद्यार्थियों ने क्रिकेट, फुटबॉल व वॉलीबाल खेलकर बच्चों ने सीखा एवं जमकर लिया आनंद । बच्चों को म्यूजिक के लिए तैयार करने से लेकर उन्हें योगाभ्यास, वाटरप्ले, पपेट मेंकिंग, कूकिंग विदाउट फायर, एरोबिक्स, सैंड प्ले, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, फन विद साइंस, म्यूजिक एण्ड मूवमेंट, स्टोरी टेलिंग, टेक्सटाइल डिजाइनिंग, पर्सनालिटी डेवलपमेंट ,कुकिंग विदाउट फायर,वेबपेज डिजाइनिंग,पॉटरी,फन गेम्स,सहित क्रिकेट, वॉलीबॉल व फुटबॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।गौरतलब है कि सभी एक्टिविटी के लिए स्टॉफ के अलावा विशेष प्रशिक्षकों का अनवरत सहयोग मिल रहा है । म्यूजिक एवं डाँस में भी बच्चों ने विशेष रूचि ली । विभिन्न गीतों को बच्चों ने स्वर व लय में गाना सीखा साथ ही विभिन्न प्रकार की डाँस की कलाओं का भी प्रशिक्षण ले रहे हैं । इन सभी के अलावा विद्यार्थी यदि इच्छुक हैं तो कैंप में स्केटिंग व बैडमिंटन का भी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं । सबसे आकर्षक तथ्य यह है कि सभी प्रशिक्षण विशेष प्रशिक्षित ट्रेनर द्वारा दिया जा रहा है साथ ही समर कैंप के माध्यम से बच्चों को वाटर पार्क बिलासपुर का भी फील्ड ट्रीप को सम्मिलित किया गया है । विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा विजिट कराया जाएगा जहाँ बच्चे पूरी मस्ती व आनंद के साथ अपना समय व्यतीत करेंगें लेकिन इसके लिए सर्वप्रथम समर कैंप में रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा ।विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने कहा कि समर कैंप में विद्यार्थियों के समय का सदुपयोग तो होता ही है साथ ही वे विभिन्न प्रकार की एक्टिविटीज के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर प्रशिक्षित हो जाते हैं ।

## व्यवसायी देंगे छूट

कोरबा। जिले में शत-प्रतिशत मतदान हो, इसके लिए चैंबर ऑफ कॉमर्स भी कोशिशों में जुटी हुई है। कारोबारियों ने मतदाताओं के लिए लुभावनी स्कीम निकाली है। कोई व्यक्ति मतदान देने के बाद अगर ऊंगली पर नीली स्याही दिखाता है, तो सामान खरीदने पर उसे 20-25 फीसदी की छूट दी जाएगी ।लोकसभा चुनाव में 100 फीसदी मतदान हो सके, इसके लिए हर वर्ग जी जान से जुटा हुआ है। मतदाताओं को स्वीप के तहत जिला प्रशासन भी जागरूक करने का काम कर रही है। इसी कड़ी में चैंबर ऑफ कॉमर्स से जुड़े व्यापारियों ने वोटिंग के दिन मतदाताओं के लिए आकर्षक स्कीम निकाली है ।जिला प्रशासन के साथ व्यापारियों की हुई थी बैठक। कोरबा जिले में तीसरे चरण में 7 मई को मतदानसामान खरीदने पर 20-25 फीसदी की छूट केवल 7 मई को ही मिलेगी। कोरबा जिले में तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होना है। चैंबर ऑफ कॉमर्स का भी मानना है कि मतदाताओं को इस तरह का ऑफर देने से निश्चित ही वोटिंग का प्रतिशत बढ़ेगा ।20 से 25 फीसदी तक मिलेगी छूटजिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन बताया कि मतदान की तारीख यानी 7 मई को मंगलवार है।

# एचटीपीएस में श्रमिक दिवस पर कर्मियों का सम्मान

कोरबा । हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम में 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस संयंत्र के कार्यपालक निदेशक(उत्पा.) संजय शर्मा की मेजबानी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ,इस अवसर पर देश की उन्नति तथा प्रगति एवं औद्योगिक विकास में श्रमशक्ति के अहम योगदान को स्मरण करते हुए श्रम अधिकारों के प्रति जागरूकता के प्रचार प्रसार हेतु रैली का आयोजन संयंत्र प्रमुख संजय शर्मा, अति. मुख्य अभियंता पी.के स्वेन, एम.एस खान, सुधीर कुमार पंड्या, एम.के गुप्ता, आर.के पांडेय एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ ङ्क ए.के कुरनाल के नेतृत्व में ह.ता.वि.गृह आवासीय परिसर से दर्री डेम के बीच किया गया, जिसके प्रति संयंत्र के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं ठेका-कर्मियों में उत्साह एवं आकर्षण देखने को मिला । कार्यक्रम में विशेष तौर पर श्रम निरीक्षक रामरतन कंवर की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन अहम रहा,अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि संजय शर्मा ने कहा कि श्रमिक अधिकारों को समर्पित यह दिवस वर्ष 1889 से दुनिया भर में प्रतिवर्ष मई माह की पहली तारीख को मनाया जाता है । यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जब श्रमिकों के संघर्षों और मांगों को सुनिश्चित किया जाता है और उन्हें उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए आवाज उठाने का मौका मिलता है ।

# समान वेतन पाने का अधिकार रखते है श्रमिक



कोरबा। अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत कंपनी कोरबा में श्रमिकों के कल्याणकारी योजनाओं के जानकारी दिये जाने के प्रयोजनार्थ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि जो भी व्यक्ति संस्थान, विभाग एवं अन्य जगह कार्य करते है, सभी श्रमिक है, कोई शारीरिक मेहनत करता है तो कोई बौद्धिक (दिमागी) मेहनत करता है, इसलिये हम भी अलग नहीं हैं। माननीय उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय को सभी व्यक्तियों के अधिकारों की चिन्ता रहती है, किसी भी व्यक्ति के अधिकार का हनन न हो, उसके लिये प्रत्येक विशेष दिवस पर उन्हें कानूनी रूप से जागरूक करने के लिये विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहता है। यहाँ आने का मुख्य उद्देश्य यदि है कि हम श्रमिकों को उनके अधिकार के संबंध में बता सकें । कानून के समक्ष पुरूष महिला को समान कार्य के लिये समान वेतन का अधिकार दिया गया है। साथ ही बाल मजदूरी/निषेध अधिनियम 1986 के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने, दुकानों इत्यादि जगहों पर काम में नहीं लगाने अथवा अन्य किसी जोखिमपूर्ण रोजगार में नियुक्त करने का प्रावधान के बारे में बताया गया।

श्रीमती गरिमा शर्मा के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि वे अपर जिला एवं सत्र न्यायालय के साथ - साथ श्रम न्यायालय के भी कार्य देखती है, इसलिये श्रमिकों से उनका दिल से जुड़ाव है, माननीय उच्च न्यायालय द्वारा उन्हें श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिये नियुक्त किया गया है। संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में पहले 18 वें शताब्दी में श्रमिकों को 16 से 18 घंटे कार्य करवाया जाता था। कभी-कभी उन्हें किसी दिन का मजदूरी भी नहीं दिया जाता था, श्रमिकों के द्वारा एक फोल्टू यूनियन बनाया गया उनके प्रयास से आगे जाकर 8 घंटे का काम करना निर्धारित किया गया तथा अतिरिक्त कार्य का अतिरिक्त भुगतान करने का प्रावधान शुरू करवाया गया। कंपनी की जिम्मेदारी होती है कि कार्य करने वाले श्रमिक को मौलिक मूलभूत सुविधाएं जैसे साफ-सफाई, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की सुविधा उपलब्ध कराया जावें। कार्य के दौरान यदि किसी भी प्रकार की जनहानि/क्षति होती है या सुरक्षा उपकरण ना दिया जाकर कार्य करवाने के दौरान क्षति होती है तो श्रमिक को मुआवजा देना संबंधित कंपनी की जिम्मेदारी है। ऐसे घटना घटित होने पर सबसे पहले कंपनी के मालिक या अधिकारी को लिखित में सूचना दिया जायें, उनके द्वारा अभ्यावेदन निरस्त होने पर न्यायालय की शरण में आ सकते है।कु0 डिम्पल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा कानूनी जानकारी देते हुये कहा गया कि देश की प्रगति में श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सभी कानूनों की उत्पत्ति भारतीय संविधान से होती है श्रमिक के अधिकारों के बारे में संविधान में उल्लेखित किया गया है।उक्त अवसर श्री हेमन्त कुमार सचदेव, कार्यपालक निर्देशक, डी.सी.पी.एम. कोरबा संजीव कंशल, अति. सी.ई. ओ एण्ड एम. राजेश्वरी रावत, अति. सी.ई. सरोज राठौर, प्रातीय संगठन सचिव फेडरेशन, कोरबा, श्री घनश्याम साहू, जोनल सचिव, फेडरेशन कोरबा, अहमद खान एवं उपेन्द्र राठौर पी.एल.व्ही. उपस्थित थे।

## 25 मिनट के भाषण में अमित शाह ने महंगाई, बेरोजगारी पर कोई बात नहीं की : डॉ. चरणदास महंत

कोरबा । छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र के ग्राम पसान में जनसमूह को संबोधित किया। एक ओर जहां कटघोरा में भाजपा के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह चुनावी सभा ले रहे थे तो दूसरी ओर पसान में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत के लिए प्रचार-प्रसार में जुटे रहे। अपने प्रचार के दौरान डॉ. महंत ने अमित शाह की सभा को लेकर कहा कि उन्होंने तो अपने लगभग 25 मिनट के भाषण में कटघोरा का नाम तक नहीं लिया। अमित शाह ने महंगाई, बेरोजगारी, किसान, मजदूर तक का जिक्र नहीं किया। वे राम-रहमान, हिन्दू-मुसलमान की बात करते रहे।

## चयन ट्रायल के लिए एसोसिएशन ने कार्यक्रम घोषित किया

कोरबा । बुशु एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा राजनांदगांव में आयोजित 15 वी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु कोरबा जिले की टीम का चयन ट्रायल का आयोजन 4 मई को सुबह 8 से 11 बजे तक किया जाना है। कोरबा जिला वूशु एसोसिएशन के सी ई ओ सियाराम बंजारे ने बताया कि उक्त सलेकशन ट्रायल में जिले के सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बालक बालिका खिलाड़ी निऱ्शुल्क भाग ले सकते है। खिलाड़ियों को सेफ्टी इक्यूपमेंट, आधार कार्ड,,जन्म प्रमाणपत्र अपने साथ लेकर प्रतियोगिता स्थल पर लाना होगा। चयन ट्रायल में पर्यवेक्षक के रूप में ओलंपिक एसोसिएशन की ओर से वरिष्ठ मार्शल आर्ट प्रशिक्षक तारकेश मिश्रा उपस्थित रहेंगे।राज स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित खिलाड़ियों को जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नौशाद खान एवं सचिव डी सुरेश क्रिस्टोफर द्वारा सम्मानित किया जाएगा। जिले के खिलाड़ी चयन ट्रायल संबंधी किसी भी जानकारी के लिए सियाराम बंजारे 8109305218, जुनैद आलम 8871264379 , महेंद्र पासी से संपर्क कर सकते हैं।

# नक्सलवाद के खात्मे के लिए संकल्प लेकर काम कर रही भाजपा, लोग इसे समझें : सीएम

**जांजगीर-चांपा।** जिले के शिवरीनारायण में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आम सभा को संबोधित किया और बीजेपी प्रत्याशी कमलेश जांगड़े के लिए जनता से वोट की अपील की। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस हार के डर से संविधान और आरक्षण खत्म होने का भ्रम फैला रही है।

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि ऐसे झूठे वादे और लबरा कांग्रेस को जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र की जनता 7 मई को कमल छाप पर बटन दबाकर सबक सिखाएगी। उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी कमलेश जांगड़े को भारी मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनाना है। सीएम की सभा में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होना है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शिवरीनारायण में आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जबसे छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनी है, हमने मोदी की गारंटी को सांय-सांय पूरा किया है। चाहे वह महतारी वंदन योजना हो, किसानों को धान खरीदी का पैसा देना हो, 18 लाख पीएम आवास हो, पीएससी घोटाले की जांच हो.. छत्तीसगढ़ सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने में जुटी है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि केंद्र सरकार भी नल जल योजना के तहत शुद्ध पानी हर घर में पहुंचाने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास की राह पर चलने वाले नेता हैं। वे देश की 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार मानते हैं। देशवासियों के लिए 24 घंटों में से 18 घंटे काम करते हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद से उन्होंने कभी छुट्टी नहीं ली। केंद्र सरकार ने देश की महिलाओं को गैस सिलेंडर दिया, सड़कें बनवाईं, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि ये तो अभी ट्रेलर है, देश को अर्थव्यवस्था में तीसरे स्थान और 2047 तक इसे विकसित राष्ट्र बनाना है। अभी बहुत कम करना है, जो प्रधानमंत्री लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। इसलिए जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र से कमलेश जांगड़े को भारी वोटों से जिताना है और दिल्ली भेजना है, ताकि वे प्रधानमंत्री के कामों में सहयोग कर सकें।

सीएम विष्णु देव साय ने पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार और अपराधियों का गढ़ बना दिया। कांग्रेस ने प्रदेश को रेत माफिया, कोयला घोटाला, पीएससी घोटाला समेत कई घोटालों का दंश दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महादेव सट्टा से 508 करोड़ रुपए लिए हैं, जिसके चलते उन पर एफआईआर दर्ज है। कई भ्रष्टाचारी अधिकारी और कांग्रेस नेता जेल की हवा खा रहे हैं।

सीएम ने कहा कि आदिवासियों को सम्मान देने का काम भाजपा सरकार ने किया है। मुझ जैसे आदिवासी को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाया है। आदिवासी समुदाय की बेटी द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाया है। यह आदिवासी समाज के लिए गौरव की बात है।

विष्णु देव साय ने कहा कि कांग्रेस ये भी भ्रम पैदा कर रही है कि चावल देने की योजना बंद होगी, जो झूठ है। आयुष्मान योजना से अब 60 से 70 साल के बुजुर्गों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। इसके अलावा गरीबों को ब्याज मुक्त लोन दिया जाएगा। कांग्रेसी अब मोदी जी को मर जाए जैसी बात कह रहे हैं, लेकिन जनता चुनाव में कांग्रेस पार्टी को सबक सिखाएगी।

## खेतों में काम करने वाले किसानों ने मतदान की शपथ ली



**सक्ती।** लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो और स्वीप नोडल अधिकारी बीपी भारद्वाज के निर्देश में कृषक संगोष्ठी में किसानों को मतदान के महत्व के बारे में बताते हुए मतदान करने प्रेरित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के तहत कृषक संगोष्ठी सम्मेलन व शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही रैली के माध्यम से ग्राम डोंगिया के आस-पास रहने वाले ग्रामीणों को 7 मई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

## घोघरी स्कूल के पास ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, ड्राइवर घायल



**जांजगीर-चांपा।** बलौदाबाजार से सामान लोड कर रायगढ़ की ओर जा रही ट्रक मंगलवार को ग्राम घोघरी के मुख्य सड़क स्कूल के पास दुर्घटना ग्रस्त हो गई है। ट्रक का ड्राइवर केबिन में फंस गया था जिसे पीछे आ रहे दूसरे ट्रक साथी ड्राइवरों को ने किसी तरह बाहर निकाला और उपचार के लिए डभरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना डभरा थाना की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम घोघरी में मंगलवार 30 अप्रैल की सुबह 5 बजे बलौदाबाजार से सामान लोड कर रायगढ़ की ओर जा रही ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचवाय 0694 घोघरी के मुख्य सड़क स्कूल के पास दुर्घटना ग्रस्त हो गई है। एक साथ पांच ट्रक रायगढ़ की ओर जा रही थी तभी घोघरी में सुबह मवेशी के सड़क पार करने पर ट्रक चालक द्वारा गाय को बचाने के लिए ब्रेक लगाया तब पीछे पीछे से आ रही ट्रक टकरा गई जिससे ट्रक के सामने इंजिन कैबिन चकनाचूर हो गया। ट्रक में फंसे ड्राइवर को साथी ड्राइवरों ने किसी तरह बाहर निकाला और घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा में भर्ती कराया गया। जहां ट्रक चालक का उपचार जारी है। वही इस घटना की सूचना मिलते ही डभरा थाना प्रभारी डीएसपी चन्द्रहास सिन्हा मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## 10 किलो गांजा के साथ जीआरपी की टीम ने आरोपी को पकड़ा

**बिलासपुर।** जीआरपी की एंटी क्राइम टीम ने एक युवक को 10 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर तस्कर फोर्स के यूनिफार्म पहनकर बैठा था, जिसे देखकर जीआरपी ने पूछताछ की, तब वह खुद को मुंबई के स्पेशल टॉस्क फो का जवान बताने लगा। उसके बैग की तलाशी लेने पर 10 किलो गांजा बरामद हुआ। युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रेलवे सुरक्षा बल व जीआरपी के जवान स्टेशन व ट्रेनों में लगातार जांच कर रही है। जांच के दौरान सुरक्षा बल के जवान अवैध हथियार से लेकर शराब व गांजा की तस्करी करने वालों की धरपकड़ कर रहे हैं। इस कड़ी में मंगलवार की रात जवानों ने जोनल स्टेशन की जांच कर रहे थे। तभी प्लेटफार्म नंबर 4-5 पर रायपुर छोर की तरफ एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में बैठा मिला। वह फोर्स का यूनिफार्म पहना था। पूछताछ में उसने खुद को मुंबई के स्पेशल टॉस्क फोर्स का जवान बताने लगा और ट्रेन का इंतजार करने की जानकारी दी। उसने बताया कि उसका नाम कल्पेश पाटिल (26) पिता सुरेश गोरख पाटिल है और मुंबई के धुली में रहता है। उसकी गतिविधियों को देखकर जीआरपी की टीम को भरोसा नहीं हुआ कि वह पुलिस फोर्स में है। तब उसके बैग की तलाशी ली गई। जांच के दौरान उसके बैग से 10 किलो गांजा बरामद हुआ।

## बहू की हत्या के मामले में तीन आरोपी दंडित

**सक्ती।** दहेज में पल्सर बाइक और एक लाख रुपए नहीं देने पर शादी के चार माह बाद ही नवविवाहिता का गला दबाकर हत्या किए जाने के मामले में न्यायालय ने आरोपित पति,सास व ससुर को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अभियोजन के अनुसार 22 अगस्त 2022 को ममता साहू के पिता बद्री साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम लगभग 7 बजे उसके मोबाइल पर विश्राम सागर साहू ने फोन कर बताया कि उसकी बेटी ममता साहू की मृत्यु हो गई है जो ग्राम मुड़पार में है । सूचना पाकर वह अपने स्वजन के साथ ग्राम मुड़पार जाकर देखा तो उसकी पुत्री अपने घर के बरामदे में मृत पड़ी थी। ममता साहू की शादी मूलशंकर साहू पिता घसीराम निवासी ग्राम मुड़पार के साथ 20 अप्रैल 2022 को सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुई थी।शादी के बाद उसकी पुत्री ममता अक्सर फोन करके मायके में बताती थी कि उसका पति मूलशंकर साहू हमेशा दहेज में पल्सर बाइक व एक लाख रुपये नकदी नहीं दिए जाने की बात कहकर वाद विवाद मारपीट कर प्रताड़ित करता है। जिससे संदेह है कि ममता साहू का गला मुंह दबाकर उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की और ममता के पति मूलशंकर साहू, ससुर घासीराम साहू एवं सास गेंदबाई साहू के विरुद्ध थाना हसौद में धारा 302, 304(बी), 120(बी) 34 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया।जांच में पाया गया कि ममता साहू के मायके वाले विवाह के समय एचएफ डीलक्स बाइक दिए थे । ममता साहू के पति मूलशंकर, ससुर घासीराम और सास गेंदबाई मिलकर एचएफ डीलक्स की जगह पल्सर बाइक एवं एक लाख रुपये नकद अपने मायके से लाने के लिए ममता साहू को बोलते थे वह मायके से मांग कर नहीं लाई इसी वजह से 22 अगस्त 2022 को सुबह तीनों ने मिलकर ममता साहू के नाक एवं मुंह को तकिया से दबाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस द्वारा आरोपितों को गिरफ्तार कर उनका बयान लिया गया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। आरोपितों के विरुद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया।दोनों पक्ष की सुनवाई हुई। अभियोजन का कहना था कि शादी के चार माह बाद ही आरोपितों ने मिलकर हत्या की है। इसलिए उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बीआर साहू ने आरोपितों को धारा 302 सहपठित धारा 34 के अपराध के लिए आजीवन कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किया है।

## वाहनों में पथराव करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रतनपुर क्षेत्र के चपोरा में बीते कई दिनों से मुख्य मार्ग में चलने वाले वाहनों पर पथराव किया जा रहा था। इसमें कई लोगों को चोटे आई। वहीं, कई लोगों के वाहन क्षतिग्रस्त हुए। आए दिन होता था पथराव, चपोरा के मुख्य मार्ग में आने जाने वाले वाहनों पर होने वाले पथराव से तंग आकर इसकी शिकायत लोगों ने रतनपुर थाने में की रतनपुर पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कारवाई की है।

## दो बहनों की तय हुई थी शादी, छोटी की उम्र 17 वर्ष 4 माह 28 दिन ही

**जांजगीर - चांपा।** महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से बाल विवाह से रोका गया। बाल विवाह संबंधी सूचना मिलने पर टीम तैयार की गई और ग्राम पंचायत मुड़पार ब में बालिका के घर जाकर स्वजन को समझाइश देकर विवाह रोका गया।

विकासखंड पामगढ़ के ग्राम पंचायत मुड़पार ब में एक ही परिवार के दो सगी बहनों का विवाह 16 मई को निर्धारित किया गया था। टीम ने उनके घर पहुंचकर दोनों बहनों की अंकसूची की जांच की जिसमें एक बहन बालिग पाई गई जबकि छोटी बालिका की उम्र 17 वर्ष 4 माह 28 दिन ही हुआ था। जिसका विवाह गोधना के एक युवक के साथ तय की गई थी।

अधिकारी कर्मचारियों ने बालिका एवं उसके माता-पिता एवं स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए समझाइश दी। जिसके पश्चात स्थानीय लोगों की उपस्थिति में बालक के माता-पिता की सहमति से बालिक का विवाह रोका गया और बालिग होने पर शादी करने कहा गया। टीम में चाइल्ड लाइन जांजगीर से समन्वयक निर्भय सिंह, टीम मेम्बर जोहित कुमार कश्यप, भूपेश कश्यप, महिला पर्यवेक्षक प्रेमलता साहू, आगनबाड़ी कार्यकर्ता दुरपति जाहिरे बबिता दिवाकर शामिल थे।

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष निर्धारित है। निर्धारित उम्र से कम होने की स्थिति में बाल विवाह करने पर पुलिस विभाग द्वारा अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवाह करने वाले माता-पिता, विवाह में सम्मिलित होने वाले रिश्तेदार, टेंट प्रभारी डीजे साउड, धुमाल प्रभारी, भोजन बनाने वाले रसोइया हलवाई, केटरिन प्रभारी, विवाह कराने वाले पंडित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। अधिनियम के तहत दो वर्ष के कठोर सश्रम कारावास तथा एक लाख के जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जाने का प्रविधान है।

## अक्षय तृतीया के लिए बाजारों में अभी से चहल-पहल बढ़ी, विक्रेता खुश

**बिलासपुर।** अक्षय तृतीया इस साल 10 मई को मनाया जाएगा। खरीदारी और मांगलिक कार्य के लिए इस दिन को अति पुण्यकारी माना जाता है। तभी तो बिलासपुर में इस दिन का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। बाजार में चमक बढ़ गई है। इस साल अक्षय तृतीया को लेकर व्यापारी और दुकानदार मान रहे हैं कि बंपर खरीदी होगी। सराफा, किराना, कपड़ा, इलेक्ट्रानिक्स, फर्नीचर, आटो मोबाइल, रीयल इस्टेट एवं बर्तन दुकानों में अभी से एडवांस आर्डर होने लगा है।

मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई लंबी अवधि की चीजें फलदायी होती हैं। हालांकि इस दौरान मंगल और बृहस्पति अस्त है, लेकिन इस दिन के शुभ होने के चलते स्वयं सिद्ध मुहूर्त में मांगलिक कार्य भी किए जा सकते हैं। इस साल अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती का पर्व एक ही दिन 10 मई को मनाया जाएगा। अक्षय तृतीया को लेकर मान्यता है कि इस दिन लोग लंबी अवधि के लिए इस्तेमाल में आने वाली वस्तुओं की खरीद करते हैं। इनमें जमीन, नया घर, वाहन, गहने, फर्नीचर, इलेक्ट्रानिक उपकरण और गैजेट्स आदि खरीदना शुभ माना जाता है। शहर के शनिचरी, गोलबाजार, तेलीपारा, पुराना बस स्टैंड, सराफा बाजार, टेलीफोन एक्सचेंज रोड सहित शापिंग माल में लोग खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। अंचल में सैकड़ों की संख्या में शादियां होंगी। लोकसभा चुनाव भी यहां समाप्त हो चुका रहेगा। ऐसे में आयोग की ओर से कोई पाबंदी भी नहीं होगी। मैरिज गार्डन, केटरर्स, बैंड बाजे, हलवाई, सभी बुक किए जा रहे हैं।

अक्षय तृतीया को लेकर बिलासपुर के बाजार में अभी से बढ़ने लगी चमक, एडवांस आर्डर भी मिल रहें, मान्यता है कि इस दिन खरीदी करना होता है शुभअक्षय तृतीया 2024- बिलासपुर के बाजार में अभी से बढ़ने लगी चमक, एडवांस आर्डर भी मिल रहें, मान्यता है कि इस दिन खरीदी करना होता है शुभ

अक्षय तृतीया के दिन बड़ी संख्या में मांगलिक कार्य होंगे। मौसम की बात करें तो इस दिन गर्मी रहेगी। सूर्य का ताप तेज महसूस होगा। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक रह सकता है। भीषण गर्मी के बीच बाजार में खरीदारों की भीड़ पहुंचेगी। ऐसे में लोगों को गर्मी से बचने थोड़ी सावधानी बरतने की भी आवश्यकता है। जिससे की पर्व का पूरा आनंद उठाया जा सके।

कपड़ा, फर्नीचर, इलेक्ट्रानिक, सराफा, जनरल स्टोर सभी जगह अच्छी बिक्री हो रही है। इलेक्ट्रानिक बाजार में कूलर, फ्रिज, एसी, वाशिंग मशीन, एलइडी टीवी की खरीदी कर रहे हैं। तो कुछ पहले से बुकिंग कर रहे हैं। कास्मेटिक की दुकानों में दोपहर से लेकर देर रात तक महिलाओं की भीड़ जुटने लगी है। शादियों के कारण दुकानदारों ने अच्छी रेंज उपलब्ध भी करा दिया है। इसके अलावा लोग आनलाइन भी शापिंग कर रहे हैं।

अक्षय तृतीया के दिन ही भगवान परशुराम की जयंती है। बिलासपुर में सनातनी हिंदू समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## उपभोक्ता से छलावा करना महंगा पड़ा ऑटोमोबाइल कंपनी को

**जांजगीर- चांपा।** पुरानी बाइक को नया बताकर बेचने वाले आटो मोबाइल्स संचालक को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने मूल्य से अधिक की राशि, मानसिक क्षतिपूर्ति और वाद व्यय सहित 44563 रूपए देने का आदेश दिया है।



सक्ती जिले के ग्राम सरवानी निवासी वीरेंद्र कुमार साहू ने अब्दुल आटो मोबाइल्स मेन रोड रोड जैजैपुर से एक बाइक होन्डा साइन 125 सी सी , 95 हजार रूपए में खरीदा था । कुछ दिनों बाद बाइक में खराबी आ गई जिसकी शिकायत उसने ऑटो मोबाइल में कई बार की लेकिन उसकी शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया गया । शिकायतकर्ता ने आरटीओ कार्यालय में जाकर बाइक के बारे में पता लगाया तब उसे ज्ञात हुआ कि बाइक ऑटो मोबाइल्स वाले के द्वारा पूर्व में किसी अन्य व्यक्ति को बेची जा चुकी थी तथा उसे पुरानी बाइक को नई बताकर फिर से बेचा गया है । तब शिकायतकर्ता ने इसकी शिकायत जैजैपुर थाने मेंकी।

थाने के द्वारा पुलिस अहस्तक्षेप योग्य अपराध बता कर न्यायालय में जाने की सलाह दी गई। तब शिकायतकर्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की । जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू, सदस्य विशाल तिवारी , सदस्य महिमा सिंह ने दोनों पक्षों के द्वारा पेश शपथ पत्र, दस्तावेजों का सावधानी पूर्वक अवलोकन कर पाया कि शिकायतकर्ता को नया वाहन कह कर पुराना वाहन बेच कर सेवा में कमी की गई है । इसलिए विरुद्ध पक्षकार विक्रय में प्राप्त बाइक की अधिक राशि 19563 रूपए और मानसिक संताप का 20 हजार रूपए व वाद व्यय का 5 हजार रूपए आदेश की तिथि से 45 दिनों के भीतर देंगे। नियत अवधि में आदेश का पालन नहीं करने पर आदेश दिनांक से भुगतान की तिथि तक उक्त राशि पर 9 प्रतिशत ब्याज भी देना होगा।जैजैपुर पुलिस ने इस मामले को पुलिस हस्तक्षेप मामला बताकर न्यायालय जाने की सलाह दी। तो ग्राहक को क्षतिपूर्ति तो मिल जाएगी लेकिन मामले में आटो मोबाइल्स संचालक ने धोखाधड़ी भी की है। इस पर अपराध भी दर्ज हो सकता है।

*__बिलासपुर।__ पचपेड़ी क्षेत्र के लोहर्सी में रहने वाली युवती की शादी की तैयारियां चल रही थी। बीस दिन बाद ही उसके घर पर शादी का मंडप सजने वाला था। इधर युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम कराया है।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)
// ईश्तहार//

क्र.814/अ.वि.अ./व्यपवर्तन/2024 जांजगीर, दिनांक 30.04.2024

एतद् द्वारा आम जनता देवरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनुभव देवांगन पिता शरद कुमार देवांगन, निवासी ग्राम केरा तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा के द्वारा ग्राम केरा प.ह.नं. 32 तहसील शिवरीनारायण स्थित भूमि खसरा नं. 641/1, 641/2, 643/2, 643/4, 643/5, 643/6, 643/7, 643/8, 643/9, 644/2, 645, 646, 648, 649/2, 649/3, 650/1, 650/2, 651 रकबा क्रमशः 0.03, 0.07, 0.27, 0.09, 0.09, 0.05, 0.04, 0.04, 0.05, 0.09, 0.05, 0.10, 0.10, 0.25, 0.06, 0.20, 0.18, 0.08, 0.14 कुल 198 एकड़ 0.797 हेक्टेयर को औद्योगिक प्रयोजन (राईस मिल) हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (राईस मिल) हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 15.05.2024 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)
// ईश्तहार//

क्र.809/अ.वि.अ./व्यपवर्तन/2024 जांजगीर, दिनांक 30.04.2024

एतद् द्वारा आम जनता देवरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनुभव देवांगन पिता शरद कुमार देवांगन, निवासी केरा तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा के द्वारा ग्राम देवरी प.ह.नं. 32 तहसील शिवरीनारायण स्थित भूमि खसरा नं. 2/2 में से रकबा 0.17 एकड़/0.69 हेक्टेयर को औद्योगिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 15.05.2024 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर


## डोमनपुर में सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान रसगुल्ला और पोहा खाने से कई लोग पहुंचे अस्पताल

**जांजगीर-चांपा।** डभरा क्षेत्र के ग्राम डोमनपुर में राम सप्ताह का प्रसाद खाकर सौ से अधिक लोग बीमार हो गए । उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार डोमनपुर में राम सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मंगलवार की रात आरती के बाद 9 बजे प्रसाद वितरण किया गया।

लोगों को रसगुल्ला और पोहा का वितरण किया गया। इसे खाने के बाद रात 11 से 12 बजे के बीच लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत हुई। अचानक डोमनपुर एवं गोविंदपुर के ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें आनन-फानन में अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया। किसी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रपुर में तो किसी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सपोस एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा में भर्ती कराया गया है जहां सभी भर्ती मरीजों का इलाज चल रहा है ।




प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रपुर में 25 से 30 मरीज , सपोस में 20 से अधिक और समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा में 72 से अधिक ग्रामीण भर्ती हैं इनका उपचार चल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा में इंद्रजीत (12), मंगलमती (45), पूजा (19), हीरालाल (22), नीलम (22), शुभांशी (22), बबीता (16), आरती (10), हेमंत (21), राधिका (19), चित्रांशी (5), कल्पना (7), लक्ष्मण (62), प्रतिभा (28), निकिता (15), गरिमा (22), हुकम पटेल (82), खुशी पटेल (17), मनीष पटेल (16), चीता पटेल (14) सहित 72 मरीज भर्ती हैं। इनके अलावा कुछ मरीज रायगढ़ के जिला अस्पताल में भी भर्ती हैं।

*ग्राम डोमनपुर में रात्रि में धार्मिक कार्यक्रम राम सप्ताह चल रहा था जिसमें आए लोगों को रसगुल्ला पोहा एवं अन्य मिष्ठान का वितरण किया गया था। इसी से फूड पॉइजनिंग होने के कारण लोगों को उल्टी दस्त होरही है। सभी मरीजों की स्थिति में सुधार है और उनका उपचार चल रहा है।*

***डा. माधुरी चंद्रा बीएमओ डभरा***

## अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता से लौटने पर अमरनाथ का भव्य स्वागत



**बिलासपुर।** दुबई में आयोजित 21वीं एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स प्रतियोगिता से लौटने पर छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के महासचिव अमरनाथ सिंह का बिलासपुर एयरपोर्ट में भव्य स्वागत किया गया। अमरनाथ इस प्रतियोगिता के लिए बनी इंडिया टीम के मैनेजर थे। उनके नेतृत्व में टीम ने खेल का प्रदर्शन किया।

21वीं एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स प्रतियोगिता 24 से 27 अप्रैल को आयोजित हुई। छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के महासचिव व इंडियन एथलेटिक्स टीम के मैनेजर अमरनाथ सिंह भाग लिए। मंगलवार को वह दिल्ली से बिलासपुर आगमन हुआ। इस दौरान चकरभाटा एयरपोर्ट में बिलासपुर जिला के विभिन्न खेल संघों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। संघ के पदाधिकारियों को खुशी इस बात की है कि फेडरेशन ने इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी को नामित किया। यह बड़ी उपलब्धि है। स्वागत के दौरान तैराकी, फुटबाल, मुक्केबाज़ी, शतरंज, हैंडबाल, बास्केटबाल, वालीबाल, खो -खो खेल संघ के खिलाड़ी व पदाधिकारियों में डा. अजय सिंह, हेमंत सिंह परिहार, टी रमेश बाबू, जीवन रजक, शंकर पांडेय, गोपी संतोष, आनंद कुमार, विकास, सी नवीन कुमार, बी अनिल कुमार, देवेंद्र यादव, श्रवण कुमार, दिनेश सिंह, पवन तिवारी, जुट राड्रिक्स, वाई नागू राव, लेस्टर स्मिथ, बीएस यादव, विनय सिंह, दिनेश सिंह ठाकुर, केश्रीनु, रवि पारिक, के श्रीनिवास, विक्रांत ककड़, दीपक साहू, विक्रम साहू आदि उपस्थित रहे।

## अनमोल वचन......

**विश्वास वो ताकत है, जो उजड़ी हुई जिंदगी में भी रोशनी भर देती है!**

## आरक्षण का मुद्दा गरमाया

चुनाव प्रचार में इन दिनों आरक्षण का मुद्दा गरमाया हुआ है। प्रारंभिक तौर पर आरक्षण को सबसे निचले वर्गों की जातियों को आर्थिक तथा राजनीतिक संबल प्रदान करने के लिए वैधानिक तौर पर आरक्षण प्रदान किया गया था। बाद में आरक्षण का विस्तार होता गया और इसमें नये-नये जाति समूह शामिल होते चले गए। आरक्षण प्राप्त करने के लिए जाट और मराठा जैसे शक्तिशाली समूहों को आंदोलन की राह पकड़नी पड़ी। दरअसल, जो आरक्षण निचली पायदान पर खड़े जाति समूहों के उत्थान के लिए था, वह सभी जाति समूहों के लिए राजनीतिक शक्ति प्राप्त करने का हथियार बन गया। कहने की जरूरत नहीं है कि आज आरक्षण भारतीय समाज के एक बहुत बड़े वर्ग में असंतोष और चिंता का कारक बना हुआ है। हिन्दू समाज के अनारक्षित जाति समूह मानते हैं कि उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। ऐसी सूरत में एक ऐसे आर्थिक ढांचे पर बल दिए जाने की जरूरत थी जिसमें बिना आरक्षण की सीढ़ी के सभी निचले वर्ग के लोगों को उत्थान के अवसर प्राप्त हों और जातीय आग्रह सामाजिक विग्रह के कारण न बनें लेकिन अब आरक्षण की नीति एक चिंताजनक मोड़ पर ले आई है।

एक ओर जहां कांग्रेस के नेता विशेषकर राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि मोदी तीसरी बार सत्ता में आए तो संविधान बदल देंगे और आरक्षण खत्म कर देंगे। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी हर सभा में कह रहे हैं कि कांग्रेस ने आरक्षण को मुस्लिम तुष्टिकरण का नया औजार बना लिया है। वह बार-बार कर्नाटक का उदाहरण दे रहे हैं जहां कांग्रेस ने सभी मुस्लिम जातियों को पिछड़े वर्ग में शामिल करके पिछड़े वर्ग के कोटे से ही 4 प्रतिशत का आरक्षण दे दिया जिसे बाद में भाजपा सरकार ने निरस्त कर दिया। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा जहां भाजपा सरकार के फैसले पर रोक लगा दी गई है। मोदी अपनी हर सभा में खुलकर कह रहे हैं कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो दलित और पिछड़ों का आरक्षण समाप्त कर मुसलमानों को दे देगी। संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लेकिन कांग्रेस ने चोर दरवाजे से कर्नाटक में आरक्षण देकर जो कदम उठाया है, उसके दुष्परिणाम समझ नहीं पा रही। बेशक, भाजपा को विरोध का बड़ा चुनावी मुद्दा मिल गया है।

## राशिफल

**मेष राशि**-आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आप माता-पिता के साथ मंदिर में दर्शन के लिए जाएंगे। आज आपके व्यवहार से कुछ लोग काफी प्रभावित हो सकते हैं। किसी शुभ काम में नए लोगों से मदद मिलने की संभावना है। दांपत्य जीवन में आपसी विश्वास के सहारे रिश्ते में मजबूती आएगी। आपकी कोई खास इच्छा पूरी होने की उम्मीद है।

**वृष राशि**-आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज कामकाज में आपको सफलता मिलेगी। किसी काम को पूरा करने के लिए आज आपको कोई नया आइडिया मिलेगा। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। आपको पुराने दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिल सकता है। शाम को पार्टी करेंगे। आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। इस राशि के कपड़ा व्यापारियों को विशेष रूप से सफलता मिलेगी।

**मिथुन राशि**- आज का दिन आपके लिए खुशियोंसे भरा रहेगा। इस राशि की महिलाओं को आज के दिन कोई खुशखबरी मिल सकती है। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा बेहतर होगा। आपको माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आप जीवन में आगे बढ़ने में सक्षम होंगे। कई दिनों से ऑफिस का पेंडिंग काम आज पूरा हो जाएगा।

**कर्क राशि**-आज का दिन उत्तम रहेगा। आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। आप किसी काम के लिए नई योजना पर विचार कर सकते हैं। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। व्यर्थ के झगड़े में पड़ने से आपको बचना चाहिए। प्राइवेट नौकरी करने को कोई नया प्रोजेक्ट मिल सकता है।

**सिंह राशि**- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपका मन धार्मिक कार्यों की तरफ लगा रहेगा।लोगों के बीच आपके काम की तारीफ होगी। आर्थिक लाभ पाने के लिए आपको मेहनत करनी पड़ेगी। माता-पिता अपने बच्चों को मनोरंजन के लिए शाम को बाहर घूमाने ले जा सकते हैं। महिलाएं अपने किसी काम की प्लानिंग कर सकती हैं। किसी मामले पर बातचीत करते समय आपको अपनी वाणी पर संयम बरतना चाहिए।

**कन्या राशि**-आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते और भी मजबूत होंगे। किसी काम के लिए की गई आपकी मेहनत रंग लायेगी। करियर के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा। किसी काम के पूरे होने पर आपको प्रसन्नता होगी। हर कोई आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा। आपको काम में सीनियर्स का पूरा-पूरा योगदान मिलेगा।

**तुला राशि**- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज किसी घर के काम को पूरा करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई सहपाठी अपनी कुछ पर्सनल बातें आपसे शेयर कर सकता है,आप दोस्त की मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे।इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। आप किसी विषय पर शिक्षकों से चर्चा करेंगे।

**वृश्चिक राशि**- आज आपको कुछ जरूरी कामों में दोस्तों की मदद मिलेगी। कई दिनों से रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिल सकता है। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन उत्तम है। पहले दी गई किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त हो सकती है। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। परिवार में सुखद वातावरण का माहौल रहेगा। धनु राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सबके साथ बेहतर रिश्ते स्थापित होंगे साथ ही घरेलू कार्यों में भी आपकी रूचि बढ़ेगी। आज जिन विद्यार्थियों का कंप्यूटर साइंस का एग्जाम है, उनकी सफलता सुनिश्चित होगी। किसी नए प्रोजेक्ट में मित्रों की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।

**मकर राशि**-आज का दिन खास पल लेकर आया है। आज बिजनेस में आपको फायदा होगा। ऑफिस में किसी जरुरी काम को पूरा करने के लिए किसी सहकर्मी की मदद मिलेगी। कोर्ट-कचहरी के मामलों से दूर रहना आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है।

**कुंभ राशि**- आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज कोई अधूरा काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। शाम तक आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है,जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जायेगा। आसपास के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। लवमेटस के साथ आपका दिन बेहतर गुजरेगा।

**मीन राशि**- आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, वो काम पूरा हो जायेगा। किसी दोस्त से मिलने आप उसके घर जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके काम से प्रसन्न होंगे। आप किसी सोच-विचार में डूबे रह सकते हैं। आप नए लोगों के संपर्क में आने की कोशिश करेंगे, इससे आपको फायदा होगा।

# सामाजिक न्याय के आंदोलन से उपजे नेताओं ने कभी पिछड़े वर्ग का ध्यान नहीं रखा

//नीरज कुमार दुबे //

**मधेपुरा शहर की चर्चा तो बहुत होती है लेकिन यह क्षेत्र विकास की बाट अब तक जोह रहा है। मधेपुरा से लगभग 10 किमी दूर, जैसे ही कोई पूर्णिया-सहरसा राजमार्ग से दाहिनी ओर मुड़ता है और रेलवे लाइन पार करता है तो टिन की छत वाले कच्चे घरों की श्रृंखला आपको दिखाई पड़ेगी।**




लोकसभा चुनावों में विपक्ष की ओर से संविधान और आरक्षण बचाने की दुहाई दी जा रही है तो सरकार का कहना है कि वह संविधान और आरक्षण की सुरक्षा के लिए चट्टान बन कर खड़ी रही है और आगे भी ऐसा ही करती रहेगी। देखा जाये तो इस बार के आम चुनाव में प्रचार में मुद्दे तो कई उठ रहे हैं लेकिन जनता के असल मुद्दे परिदृश्य से गायब होते जा रहे हैं। गरीबों की बात सभी दल कर रहे हैं। गरीब यह देख कर खुश हैं कि उन्हें बहुत याद किया जा रहा है लेकिन वह यह बात जानते हैं कि मतदान के बाद उनकी सुध लेने कोई नहीं आयेगा। सभी दल सामाजिक न्याय की बात भी कर रहे हैं लेकिन वास्तविक सामाजिक न्याय तभी होगा जब सबका आर्थिक सशक्तिकरण होगा। इसके अलावा शिक्षा को सस्ता कर सबके लिए सुलभ बनाया जायेगा। सामाजिक न्याय की मांग सबसे पहले बिहार से उठी थी। यह मांग उठायी थी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल ने। बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल के राजनीतिक सफर की बात करें तो आपको बता दें कि बिहार के मधेपुरा संसदीय क्षेत्र के भागलपुर से अलग होने के बाद, मंडल ने संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी (एसएसपी) के टिकट पर 1967 का लोकसभा चुनाव जीता था। वह 1968 में थोड़े समय के लिए बिहार के मुख्यमंत्री भी बने थे। मंडल यादव समुदाय से थे और उन्हें दूसरे पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष भी बनाया गया था। 1978-80 के दौरान वह मंडल आयोग की रिपोर्ट के लेखक बने, जिसने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए सरकारी नौकरियों में कोटा की सिफारिश की थी। मंडल आयोग की रिपोर्ट को 1990 में वीपी सिंह सरकार द्वारा लागू किया गया था। इस घटनाक्रम के बाद बिहार और उत्तर प्रदेश में कई क्षेत्रीय दलों का उदय हुआ था जोकि आज तक राजनीतिक परिदृश्य में काफी महत्व रखते हैं।

मधेपुरा शहर की चर्चा तो बहुत होती है लेकिन यह क्षेत्र विकास की बाट अब तक जोह रहा है। मधेपुरा से लगभग 10 किमी दूर, जैसे ही कोई पूर्णिया-सहरसा राजमार्ग से दाहिनी ओर मुड़ता है और रेलवे लाइन पार करता है तो टिन की छत वाले कच्चे घरों की श्रृंखला आपको दिखाई पड़ेगी। यहां पर मुरहो गांव के अंत में पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल का स्मारक है। मंडल स्मारक से बमुश्किल 100 मीटर की दूरी पर मुसहर टोले के एक कोने में, एक मिट्टी की झोपड़ी है, जहां क्षेत्र के पहले संसद सदस्य किराई मुसहर के पोते रहते हैं। यह बातें हम आपको इसलिए बता रहे हैं कि नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की ओर से जाति जनगणना के मुद्दे पर राजनीति तो बहुत की गयी लेकिन पिछड़ों के लिए कुछ नहीं किया गया। यही नहीं मंडल के विचारों को भी इन दलों की ओर से दरकिनार कर दिया गया है। देखा जाये तो देश की सामाजिक न्याय की राजनीति के अग्रदूत, मंडल की विचारधारा ने समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार सहित कई समाजवादी नेताओं को जन्म दिया। लेकिन इन दलों ने मंडल को भुला दिया। आज मंडल का पैतृक घर और उनके नाम पर स्मारक मुरहो गांव में उपेक्षा के शिकार दिखते हैं। इस गांव के लोगों का कहना है कि लालू और नीतीश ने सामाजिक न्याय आंदोलन को कमजोर कर दिया क्योंकि दोनों ने अपनी-अपनी जातियों को बढ़ावा दिया और दलितों को कुछ नहीं दिया इसीलिए वह अब भी गरीब बने हुए हैं। गांव के लोगों का कहना है कि महादलितों की हालत और इस गांव की हालत देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि सामाजिक न्याय के मुद्दे पर राजनीति करने वालों ने देश और समाज को कुछ नहीं दिया। यादवों के प्रभुत्व वाले निर्वाचन क्षेत्र मधेपुरा में 7 मई को तीसरे चरण में मतदान हो रहा है। यहां के लोगों का कहना है कि मुरहो गांव से शुरू हुए सामाजिक न्याय के गौरवशाली आंदोलन से जुड़ी यादें जीर्णशीर्ण अवस्था में हैं। उल्लेखनीय है कि मुरहो गांव यादव बहुल है और इसके अन्य समुदायों में कुर्मी और पचपनिया जैसे कुछ अन्य ओबीसी समूहों के साथ-साथ महादलित भी शामिल हैं। यहां के लोग इस गांव का भाग्य बदलने की उम्मीद छोड़ चुके हैं। गांव के युवक कहते हैं कि बीएड की डिग्री ली, आईटीआई का प्रमाणपत्र लिया लेकिन कोई नौकरी नहीं मिली। अधिकांश युवक स्कूली बच्चों को खुले में ट्यूशन पढ़ा कर अपना काम चलाते हैं। बेरोजगारी की स्थिति को लेकर युवकों की नाराजगी हर दल से है। युवकों का कहना है कि कोई भी वास्तविक मुद्दों के बारे में बात नहीं कर रहा है। असली मुद्दा बेरोजगारी है। युवकों का कहना है कि बड़ी डिग्री लेने के बावजूद चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन किया है लेकिन एक साल से परीक्षा ही आयोजित नहीं की जा रही है। युवकों का कहना है कि परीक्षा आयोजित भी हो तो पेपर लीक हो जाता है जिससे बड़ा नुकसान होता है। गांव वालों की शिकायत है कि यहां की सुध लेने के लिए कोई राजनेता नहीं आता है। लोगों का कहना है कि हर घर जल योजना के तहत आ रहा पानी अच्छी गुणवत्ता का नहीं है। लोगों का कहना है कि नल तो हैं लेकिन गांव में नालियां नहीं हैं जिससे गंदगी का अंबार लगा रहता है। हम आपको बता दें कि मधेपुरा में 2019 के लोकसभा चुनावों में जेडीयू के दिनेश चंद्र यादव ने राजद के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले शरद यादव को 3 लाख से अधिक वोटों से हराया था। इस बार, मौजूदा सांसद दिनेश का मुकाबला राजद के चंद्रदीप यादव से है, जो शिक्षाविद् और पूर्व सांसद रमेंद्र कुमार रवि के बेटे हैं। माना जा रहा है कि इस बार क्षेत्र में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी।

# इंतजामों को अधिक सक्रिय करने की जरूरत

//अनिरुद्ध गौड़//

**हमारे देश के वनों में गर्मियों के दिनों में आग लगना एक लगातार सिलसिला है। अप्रैल का महीना शुरू हुआ कि आग से जंगल धधकने लगते हैं। जंगल की आग पर्यावरण की दृष्टि से तो खतरनाक है ही जनजीवन और बायोडायर्वसटी की दृष्टि से भी हानिकारक है। ऐसे समय में जब जंगलों में आग लगती है तो देखा गया है कि उसकी तैयारी में सरकार विफल रही है।**

देश के वनों में अप्रैल माह में आग की घटनाओं को देखें तो देश में हाल फिलहाल 361 जगह वनों में आग लगी हैं। इन घटनाओं की निगरानी को फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की साइट पर लांच बीटा संस्करण एसएनपीपी - वीआईआईआरएस का 10 अप्रैल, 2024 का भारत के वनों में लगी भीषण आग का मौजूद आंकड़ा बताता है कि सबसे अधिक आंध्र प्रदेश में 122, तेलंगाना में 55, छत्तीसगढ़ में 47, उत्तराखंड में 32, बिहार में 23, ओडिसा में 22, उत्तर प्रदेश में 17 सहित 21 राज्यों में 361 जगह आग लगी थी जो 13 अप्रैल को घट कर काबू होने के बाद 33 रह गई। 1अप्रैल को देश के वनों में 132 बड़ी आग लगी थी जो 10 अप्रैल को 361 जगह तक पहुंच गई है। अप्रैल माह में पिछले 7 दिनों का आंकड़ा देखें तो एक्टिव आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में छत्तीसगढ़ में 166, आंध्र प्रदेश में 248, मध्य प्रदेश में 207, ओडिसा में 146 और असम में 139 जगहों पर बड़ी आग लगी।

वहीं 1 नवम्बर, 2023 से 2024 में बड़ी आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में आंध्र प्रदेश में 860, मध्य प्रदेश में 719, तेलंगाना 688, महाराष्ट्र में 547 और छत्तीसगढ़ में 527 बार आग लगी, जबकि वर्ष 2022-2023 में तो पूरे देश के वनों में 12562 आग की घटनाएं हुई। जंगल की आग से वनों का क्षरण तो होता ही है बहुमूल्य वन संपदा और कार्बन भी नष्ट हो जाते हैं। वनों का पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित होता है। यह देखा गया है फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार जंगल की आग को मॉनिटर करने के लिए भारत में 2004 से शुरू सेटेलाइट की रिमोट सेंसिंग मोडिस अर्थात मॉडरेट रेजोल्यूशन इमेजिंग स्पेक्ट्रो रेडियोमीटर सेंसर और 2017 से भारतीय सेटेलाइट से सम्पूर्ण भारत में एसएनपीपी-वीआईआईआरएस अर्थात सुओमी-नेशनल पोलर आर्बिटिंग पार्टनरशिप-विजिबल इंफ्रारेड इमेजिंग रेडियोमीटर सूट के साथ जीआईएस टूल्स की मदद से वनों की आग को मॉनिटर किया जा रहा है। देश का कुल 32,87,469 वर्ग किलोमीटर भौगोलिक क्षेत्र है।

नवीनतम आईएसएफआर 2021 के अनुसार देश का कुल 7,13,789 वर्ग किलोमीटर वन आवरण है। जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 21.71 प्रतिशत है। वन सर्वे ऑफ इंडिया का अनुमान है कि देश में 36 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र में बार-बार आग लगती रहती है। देश के करीब 4 प्रतिशत वन क्षेत्र में अधिक तो 6 प्रतिशत भाग में सबसे अधिक खतरा पाया गया है। ग्लोबल फॉरेस्ट वाच के अनुसार विश्व स्तर पर आग से वर्ष 2001 से 2022 के बीच 126 मिलियन हेक्टेयर वनों का नुकसान हुआ। इनमें वर्ष 2016 ऐसा वर्ष रहा जिसमें आग से सबसे अधिक 9.63 मिलियन हेक्टेयर वन आवरण का नुकसान हुआ। पिछले कुछ दशकों में आग की घटनाओं को देखें तो 2001 से 2022 के बीच भारत में आग की घटनाओं से 35.9 हेक्टेयर वृक्ष आवरण को नुकसान और 2.15 मेगा हेक्टेयर वृक्ष आवरण का नुकसान अन्य कारणों से हुआ। इसमें भी 2008 में आग से सबसे अधिक कुल 3.5 प्रतिशत वृक्ष आवरण का नुकसान हुआ। अगर 12 अप्रैल 2021 से 8 अप्रैल 2024 के बीच आज की घटनाओं की बात की जाए तो 5,29,248 VIIRS के माध्यम से बड़ी आज की घटनाएं रिपोर्ट की गई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार विश्व में हर वर्ष करीब 7 करोड़ हेक्टेयर वन क्षेत्र आग लगने की घटनाओं से प्रभावित होता है। इससे बड़े स्तर पर पर्यावरणीय और आर्थिक क्षति होती है। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के अनुसार विश्व में सन 2010 में 3.92 गीगा हेक्टेयर वृक्ष आवरण था जो पृथ्वी के 30 प्रतिशत से अधिक भू-भाग में फैला हुआ था, लेकिन 2023 में विभिन्न कारणों से 28.3 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष आवरण कम हो गया। सन 2001 से 2023 तक वैश्विक स्तर पर 488 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष आवरण की हानि हुई जो 2000 के बाद से वृक्ष आवरण में 12 प्रतिशत की कमी के बराबर है, जबकि सन 2002 से 2023 के बीच कुल 76.3 मिलियन हेक्टेयर आद्र प्राथमिक वन कम हो गया।

भारत की बात करें तो सन 2010 में 31.3 मिलियन हेक्टर प्राकृतिक वन थे जो कि इसकी कुल भूमि का 11 फीसद था, लेकिन वर्ष 2023 में 134 किलो हेक्टेयर आद्र प्राकृतिक वन की हानि हो गई। वर्ष 2002 से 2023 के बीच भारत में 414 हेक्टेयर आद्र प्राथमिक वन खो दिए। इस तरह भारत में कुल 4.1 प्रतिशत वन क्षेत्रफल कम हो गया। जिसमें 2016 और 2017 में अधिक हानि हुई। वनों में आग लगने से बड़े पैमाने पर मानवीय, पर्यावरण और आर्थिक हानि होती है। इसलिए आग फैलने से रोकना बहुत ही जरूरी है। वनों की आग को नियंत्रित करने में वही पुराने साधन और संसाधनों से आग काबू पाने के लिए राज्यों के महकमे लगे हुए हैं। तकनीक से हम बेहतर तरीके से मॉनिटर कर पा रहे हैं, लेकिन विकसित देशों की तरह वनों की आग को काबू पाने के इंतजामों को अधिक सक्रिय करने की जरूरत है।

## ट्रूडो की गलती

खालिस्तान समर्थकियों के कार्यक्रमों में भारत की चिंता बढ़ी है। भारत-कनाडा रिश्तों में इस मामले का महत्वपूर्ण स्थान है। खुला स्पेस देने से खतरे को नजरअंदाज करना सही नहीं है। कनाडा में रविवार को हुए एक कार्यक्रम में जिस तरह से प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तान समर्थक नारे लगाए जाते रहे, उस पर भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय ने कनाडा के डेप्युटी हाई कमिश्नर को तलब कर ठीक ही इस पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। आपत्तिजनक व्यवहार खालसा दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में न केवल खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए बल्कि ऐसे बैनर प्रदर्शित किए गए, जिनमें भारतीय नेताओं को निज्जर का हत्यारा बताया गया था। अफसोस और चिंता की बात यह रही कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की वहां मौजूदगी के बावजूद इन सबको रोकने की या इन्हें गलत बताने की कोई कोशिश नहीं दिखी। संबंधों में खटास- इस पूरे मामले में ट्रूडो का व्यवहार राजनयिक पैमाने पर बिल्कुल फिट नहीं बैठता। दोनों देशों के रिश्ते अगर इस मोड़ पर आ गए हैं, जहां उनके बीच भरोसे, आपसी सहयोग और संवाद की कमी है, तो यह अकारण नहीं है। पिछले साल खुद ट्रूडो ने सार्वजनिक रूप से निज्जर हत्याकांड में भारत के शामिल होने का निराधार आरोप लगाया था। भारत के मांगने के बाद भी आज तक उनकी सरकार इस आरोप के पक्ष में कोई सबूत नहीं दे पाई है। भारत बार-बार इस बात को दोहरा रहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इस तरह अलगाववादी और अतिवादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देना न केवल दोनों देशों के रिश्तों के लिए बल्कि खुद कनाडा के लिए भी खतरनाक है। कनाडा में इन तत्वों को जिस तरह का खुला स्पेस दे दिया गया है, उसके पीछे वोट बैंक की राजनीति है। मगर लंबे काल में यह सबके लिए नुकसानदेह ही साबित होने वाला है। अच्छा होगा कि कनाडा अपने पड़ोसी देश अमेरिका से सबक ले। स में खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर भी सवाल उठे थे। लेकिन सार्वजनिक बयानबाजी करने के बजाय इस मामले को सरकार के स्तर पर उठाया गया। स्वाभाविक ही भारत ने अमेरिकी सरकार की ओर से मुहैया कराए गए सबूतों को गंभीरता से लिया।

## तस्वीरों की दुनिया




लोकसभा चुनाव के बीच नई दिल्ली में बीजेपी नेता अनिल बलूनी, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में अभिनेत्री रूपाली गांगुली बीजेपी में शामिल हुई।



कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र से टीएमसी उम्मीदवार महुआ मोइत्रा नादिया जिले में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करती हुई।



लखनऊ में लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले एक रोड शो के दौरान समाजवादी पार्टी और भारत के उम्मीदवार रवि दास मल्होत्रा।



नई दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र भरने से पहले एक रोड शो के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उत्तर पूर्वी दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार मनोज तिवारी के साथ।



मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और विदिशा लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर के श्री चिंतामन गणेश मंदिर में पूजा की।



उत्तर पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार कन्हैया कुमार नई दिल्ली में एक बैठक के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ।



केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अयोध्या में राम मंदिर में पूजा की।

# कांग्रेस का 400 रुपये प्रति दिन की राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी का वादा ही है असली 400 पार : जयराम रमेश

**नईदिल्ली, 02 मई [एजेंसी]।**



कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर अपनी 'श्रमिक न्याय' गारंटी दोहराते हुए कहा कि 400 रुपये प्रति दिन की राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी देने का उसका वादा ही असली '400 पार' है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने श्रमिकों के लिए पार्टी की गारंटियां गिनायीं और आरोप लगाया कि पिछला 10 साल उनके लिए 'अन्याय काल' रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के मौके पर 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के न्याय पत्र की 'श्रमिक न्याय' गारंटियों को याद करना बिल्कुल उपयुक्त है। गारंटियों की विस्तार से चर्चा करते हुए रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने 400 रुपये प्रति दिन की राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी के साथ 'श्रम का सम्मान' करने का वादा किया है और उनमें मनरेगा के मजदूर भी शामिल हैं। रमेश ने यहां संवाददाता सम्मेलन में, भाजपा के '400 पार' नारे पर कटाक्ष करते हुए कहा, '' यह असली 400 पार है।'' भाजपा लोकसभा चुनाव में राजग के रास्ते 400 सीट हासिल करने के लिए '400 पार' का नारा दे रही है। रमेश ने आरोप लगाया कि भाजपा के '400 पार' के आह्वान का लक्ष्य संविधान को बदलना है। हाथ में संविधान की प्रति लेकर रमेश ने दावा किया कि सन् 1949 (रिपीट) 1949 से यह कोई पहली बार नहीं है जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बाबासाहब आंबेडकर के संविधान को बदलने की बात की हो।

अन्य 'श्रमिक न्याय' गारंटियां गिनाते हुए रमेश ने कहा कि पार्टी ने मुफ्त जांच, दवाइयां, उपचार एवं सर्जरी के साथ 25 लाख रुपये के सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज ''सबको स्वास्थ्य अधिकार'' के तहत देने का वादा किया है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि कांग्रेस ने 'शहरी रोजगार गारंटी' का भी वादा किया है जिसके तहत शहरी क्षेत्रों के लिए रोजगार गारंटी कानून लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को जीवन बीमा एवं दुर्घटना बीमा भी देगी।



असम के धुबरी में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक बैठक के दौरान कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा.

# प्रज्वल रेवन्ना के बहाने प्रियंका गांधी ने फिर साधा मोदी पर निशाना, बोलीं- वह लोगों की हकीकत से कोसों दूर

**नईदिल्ली, 02 मई [एजेंसी]।**



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम के धुबरी में एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जद (एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना को भारत छोड़ने से नहीं रोका। उन्होंने पीएम मोदी को अहंकारी व्यक्ति भी कहा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी आम लोगों की हकीकत से कोसों दूर हैं। उसे उनके दुखों की कोई समझ नहीं है क्योंकि वह अहंकारी हो गया है। पूर्व प्रधान मंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते रेवन्ना अपने निर्वाचन क्षेत्र हासन में सैकड़ों स्पष्ट वीडियो सामने आने के बाद सेक्स स्कैंडल में फंस गए हैं। प्रियंका ने कहा, पीएम मोदी ने उन्हें भारत छोड़ने से नहीं रोका। यह पहली बार नहीं था जब प्रियंका गांधी वाड्रा ने सेक्स स्कैंडल को लेकर पीएम मोदी पर हमला बोला हो।

इस हफ्ते की शुरुआत में उन्होंने इस मामले पर पीएम मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाया था। वहीं, अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह ऐसी धरती है, जहां से पूरे देश को संदेश जाता है कि यह पूरा देश एक परिवार है और इस देश के लिए हम सब एकजुट होकर लड़ेंगे। राहुल गांधी जी ने दो यात्राएं निकाली। यात्रा का मकसद लोगों को संदेश देना था कि यह देश हम सबका है, हम एक हैं। चाहे किसी को अ'छा लगे या न लगे, राहुल जी सिर्फ सत्य बोलते हैं और सत्य के पथ पर चलते हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि सत्य की परंपरा.. हमारे देश की परंपरा है। महात्मा गांधी जी भी सत्य की राह पर चले थे। हमारे स्वतंत्रता आंदोलन की नींव भी- सत्य, सच्चाई, जनता की सेवा- ही थी। उन्होंने कहा कि आज देश में जैसी राजनीति चल रही है, उसे आपको गहराई से समझना पड़ेगा।

एक जमाने में मीडिया जनता का प्रतिनिधित्व करती थी, सत्ता से सवाल किया जा सकता था। लेकिन आज सारी संस्थाएं एक पार्टी के साथ खड़ी हैं। चाहे वह मीडिया हो या चुनाव आयोग। आज लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करने वाले सारे रास्ते बंद किए जा रहे हैं। प्रियंका ने कहा कि आप असम के मुख्यमंत्री की तुलना कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों से कीजिए।

# इस सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटा है अमृतपाल सिंह

**नईदिल्ली, 02 मई [एजेंसी]।**



खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह फिर से चर्चा में आ गया है। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार के तौर पर अमृतपाल सिंह चुनाव मैदान में उतर सकता है। अमृतपाल सिंह की मां बलविंदर कौर ने बताया है कि पंजाब के खडूर साहिब सीट से उनका बेटा लोकसभा चुनाव लड़ेगा। गौरतलब है कि अमृतपाल सिंह असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है क्योंकि उस पर एनएसए लगाया गया है। पंजाब सरकार ने भी उसकी सा की कस्टडी को हाल ही में एक वर्ष के लिए विस्तार दिया है। इसी बीच अमृतपाल सिंह ने चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा कर दी है। अमृतपाल सिंह मूल रूप से कट्टरपंथी विचारधारा का है और चुनावी राजनीति में एंट्री करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। वहीं अमृत पाल सिंह के फैसले के बाद भी उसका परिवार परेशान नहीं है।

अमृतपाल सिंह कट्टरवाद और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इसी लिंक होने के आरोप में भी चर्चा में रहा है। हालांकि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए अमृतपाल सिंह को भारतीय संविधान के अनुसार ही सारे कदम उठाने होंगे। कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह के पिता ने सोमवार को पंजाब की खडूर साहिब लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार खड़ा करने के शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के कदम पर नाराजगी व्यक्त की।

# तेलंगाना के पूर्व सीएम केसीआर पर चुनाव आयोग का डंडा, चुनाव प्रचार पर रोक

**हैदराबाद।** चुनाव आयोग ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस नेता के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। चुनाव आयोग ने केसीआर को अगले 48 घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक दिया है। केसीआर के प्रचार न करने पर बैन की अवधी आज रात आठ बजे से शुरू होगा। केसीआर पर यह प्रतिबंध कांग्रेस के खिलाफ आपत्तिजनक और अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल करने को लेकर लगाया गया है। चुनाव आयोग ने सिरसिला में कांग्रेस के खिलाफ आपत्तिजनक और अपमानजनक बयान देने के लिए तेलंगाना के पूर्व सीएम और बीआरएस प्रमुख के. चंद्रशेखर राव को आज, 1 मई रात 8 बजे से 48 घंटे के लिए प्रचार करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। चुनाव आयोग ने 5 अप्रैल, 2024 को सिरसिला में दिए विवादित बयान को लेकर केसीआर को कड़ी फटकार लगाई है।

आयोग ने संविधान के अनुच्छेद 324 का हवाला देते हुए के चंद्रशेखर राव को एक मई 2024 की रात 8 बजे से 48 घंटे के लिए किसी भी सार्वजनिक बैठक, सार्वजनिक जुलूस, सार्वजनिक रैलियां, शो और साक्षात्कार, मीडिया (इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट, सोशल मीडिया) में सार्वजनिक भाषण देने से रोक दिया है। चुनाव आयोग ने अपने बयान में कहा कि तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने 9 अप्रैल 2024 को शिकायत पर रिपोर्ट भेजी थी। पोल पैनल ने तेलंगाना के पूर्व सीएम केसीआर को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पर किए गए आपत्तिजनक बयान का दोषी पाया है।

# एनडीए ने आंध्र प्रदेश में जारी किया घोषणापत्र चंद्रबाबू नायडू के मुस्लिम आरक्षण के वादे से दिखी दूरी

**नईदिल्ली, 02 मई [एजेंसी]।**

टीडीपी सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश में एनडीए सहयोगियों टीडीपी, जनसेना और बीजेपी के चुनाव घोषणापत्र का अनावरण किया। हालाँकि, गठबंधन के घोषणापत्र में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया था, जैसा कि घोषणापत्र जारी होने से दो दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी। घोषणापत्र का मुख्य आकर्षण सुपर सिक्स रहा, जिसमें 19 से 59 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं के लिए 1,500 रुपये मासिक पेंशन, युवाओं के लिए 20 लाख नौकरियां या 3,000 रुपये मासिक बेरोजगारी सहायता और महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा शामिल है। 28 अप्रैल को एक्स पर एक वीडियो संदेश में नायडू ने कहा था, ÷मुसलमानों में आज भी ग़रीबी बहुत ज़्यादा है। ऐसे समय में उनकी मदद करना हमारी ज़िम्मेदारी है। इसी क्रम में हम मुसलमानों के लिए 4 फ़ीसदी आरक्षण बचाकर रखेंगे। इसमें और कोई विचार नहीं है। उसी दिन, नेल्लोर में मुस्लिम समुदाय के साथ बातचीत के दौरान, नायडू ने कहा कि उनकी पार्टी ने सर्वश्रेष्ठ अधिवक्ताओं को काम पर रखा है और सुप्रीम कोर्ट में चार प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण के लिए लड़ाई लड़ी है।

यह तब हुआ जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह धर्म के आधार पर दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) का कोटा मुसलमानों को नहीं देने देंगे। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने सबसे पुरानी पार्टी पर 2004 और 2009 में सत्ता में रहने के दौरान मुसलमानों को ओबीसी का आरक्षण देकर और साथ ही उन्हें आश्रय देकर अविभाजित आंध्र प्रदेश को तुष्टीकरण की प्रयोगशाला बनाने का भी आरोप लगाया था। संविधान के जन्म से ही उसके प्रति नफरत है। हालांकि, नायडू ने रविवार को कहा कि जैसे ही गठबंधन आंध्र प्रदेश में सत्ता में आएगा, मक्का जाने वाले मुस्लिम तीर्थयात्रियों को 1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

# बीजेपी में शामिल हुईं 'अनुपमा', बोलीं- पीएम मोदी के बताए रास्ते पर चलकर देश की सेवा करूंगी

**मुंबई , 02 मई [एजेंसी]।**



अनुपमा' फेम टीवी अभिनेत्री रुपाली गांगुली ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया। उनके साथ अमेय जोशी ने भी भाजपा का दामन थामा। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी और संजय मयूख की मौजूदगी में पार्टी मुख्यालय में रुपाली गांगुली और अमेय जोशी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विनोद तावड़े ने रुपाली गांगुली और अमेय जोशी, दोनों व्यक्तियों का पार्टी में स्वागत करते हुए वोट जिहाद को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना भी साधा। तावड़े ने कांग्रेस पर भारतीय लोकतंत्र की प्रतिष्ठा को पूरी दुनिया में ठेस पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष अपने प्रचार में अब सिर्फ झूठ ही नहीं बल्कि वोट जिहाद के प्रचार तक उतर आया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस यह बताएं कि क्या कांग्रेस आलाकमान के निर्देश पर वोट जिहाद की बात चलाई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे विपक्ष की बौखलाहट का पता चलता है कि उनके पैरों तले जमीन खिसक गई है।

वहीं भाजपा में शामिल होने के बाद रुपाली गांगुली ने कहा कि वह कला के रास्ते यहां तक पहुंची हैं और वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बताए रास्ते पर चलकर देश की सेवा करेंगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने जिस तरह से हर भारतीय की आत्मा पर अमिट छाप छोड़ी है, उसी तरह से उन्होंने उनकी आत्मा पर भी छाप छोड़ी है और वह सबके आशीर्वाद से भाजपा में शामिल हो रही हैं।

# चुनाव ड्यूटी से गैरहाजिर रहने वाले चुनाव स्टाफ पर होगी एफआईआर दर्जः जिला चुनाव अधिकारी

**जालंधर, 02 मई [एजेंसी]।**

जिला चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर डा. हिमांशु अग्रवाल ने चुनाव कर्मचारियों से जालंधर लोकसभा क्षेत्र का चुनाव उचित ढंग से करवाने के लिए उनकी सुविधा के लिए 5 मई को करवाए जा रहे प्रशिक्षण सैशन में चुनाव कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए।

डा.अग्रवाल ने अनुपस्थित स्टाफ को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 134 अधीन एफआईआर और विभागीय कार्रवाई को लेकर फटकार लगाई। जिला चुनाव अधिकारी ने अनुपस्थित चुनाव स्टाफ के खिलाफ जीरो टॉलरैंस पर जोर देते हुए चुनाव कर्मियों से देश में लोकतंत्र के इस सबसे बड़े त्योहार के प्रति पूरी निष्ठा और मेहनत से अपना डियूटी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित किये जा रहे संपूर्ण प्रशिक्षण सैशन के दौरान 10699 चुनाव स्टाफ को प्रशिक्षित दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान चुनाव स्टाफ को ईवीएम और वीवी पेट्स मशीनें सौंपने के साथ ही पूरी चुनाव प्रक्रिया से अवगत करवाया जाएगा। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि यह प्रशिक्षण आत्म-विश्वास को बढ़ाने के साथ चुनाव स्टाफ की जानकारी बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र फिल्लौर के लिए सरकारी सीनियर सकैंडरी स्कूल फिल्लौर, नकोदर के लिए गुरु नानक नेशनल कॉलेज, नकोदर, शाहकोट के लिए सरकारी कॉलेज शाहकोट, करतारपुर के लिए लायलपुर खालसा कॉलेज महिला कैंट रोड, जालंधर पश्चिम के लिए डा. भीम राव अंबेडकर सरकारी कालेज एजुकेशन कालेज बूटा मंडी, जालंधर सेंट्रल के लिए इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग रामा मंडी, जालंधर नॉर्थ के लिए डेविएट, जालंधर कैंट के लिए जीएनडीयू कॉलेज लाडोवाली रोड और विधान सभा क्षेत्र आदमपुर के लिए के.एम.वी संस्कृत स्कूल टांडा रोड जालंधर में स्टाफ को प्रशिक्षित किया जाएगा।

## कांग्रेस प्रत्याशियों ने कुएं में लगाई छलांगः एक के बाद एक कार्यकर्ता भी कूद पड़े, वीडियो वायरल

**उज्जैन, 02 मई [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी हैं। वहीं प्रत्याशियों ने प्रचार-प्रसार तेज कर दिया हैं। इस दौरान उम्मीदवारों के अलग-अलग रंग भी देखने को मिल रहे है। ऐसा ही एक अनोखा दृश्य सामने आया है। जहां कांग्रेस कैंडिडेट ने कुएं में छलांग लगा दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दल लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क कर रहे हैं। बीजेपी-कांग्रेस के उम्मीदवार पूरा दम खम लगाकर प्रचार कर रहे है। इसी कड़ी में नागदा खाचरोद विधानसभा क्षेत्र में प्रचार के दौरान किसान नेता कहे जाने वाले कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार का अनोखा प्रचार देखने को मिला। दरअसल, प्रचार के दौरान गर्मी लगने पर उन्होंने कुएं में छलांग लगा दी। कांग्रेस कैंडिडेट महेश के कुएं में छलांग लगाते देख एक के बाद एक कार्यकर्ता भी कूद पड़े। वहीं महेश परमार करते हुए नजर आए कि 40 डिग्री तामपान में लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क करने के दौरान कुएं में कूद गया और नहाने के बाद गर्मी से राहत मिली। इसका वीडियो भी सामने आया है, जो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## भुवनेश्वर से दिल्ली जा रहे विस्तारा विमान का टूटा शीशा, 169 यात्रियों की अटकी सांसें

**नई दिल्ली।** भुवनेश्वर से दिल्ली के लिए रवाना हुए विस्तारा विमान में बैठे यात्रियों की सांसे उस समय अटक गई जब विमान की विंड सील का शीशा टूट गया। जिसके बाद विमान की भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग कराई गई। गनीमत रही कि किसी प्रकार की कोई अनहोनी नहीं हुई और विमान के सुरक्षित लैंडिंग के साथ ही उसमें सवार यात्री सुरक्षित उतर गए। जानकारी के अनुसार, विस्तारा का विमान भुवनेश्वर से दिल्ली जा रहा था।



शिमला में लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा उम्मीदवार और अभिनेत्री कंगना रनौत.

# आचार्य और सेवादार की घिनौनी करतूत महाकाल की नगरी में 19 बच्चों से कुकर्म

**उज्जैन, 02 मई [एजेंसी]।**

उज्जैन के दंडी आश्रम में पढ़ने वाले 19 बच्चों के साथ यौन शोषण किया गया। आश्रम का आचार्य और सेवादार बच्चों के साथ यह कुकर्म करता रहा। आश्रम में पढ़ने वाले 19 बच्चों की शिकायत पर महाकाल थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। आश्रम के संचालक ने पुलिस बुलाकर आचार्य को गिरफ्तार कराया। सेवादार फरार है। बड़नगर रोड स्थित 30 साल पुराने दंडी आश्रम में बच्चों के साथ कई दिनों से आचार्य राहुल शर्मा और सेवादार अजय ठाकुर गलत काम कर रहा था। दोनों बच्चों को कमरे में बुलाकर घिनौना काम करते थे। शुरू में तीन बच्चों के साथ गलत काम होने की जानकारी सामने आई। अभिभावकों ने बैठक की तो पीड़ित किशोरों की संख्या तीन से बढ़कर 19 हो गई। राजगढ़, मंदसौर और देवास के पुलिस को बताया कि पिछले कई दिन से अजय ठाकुर और राहुल शर्मा उनका यौन शोषण कर रहे थे।

पुलिस ने राहुल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अजय फरार है। आश्रम संचालक ने बताया कि कुछ समय पहले अभिभावकों ने सेवादार अजय ठाकुर की शिकायत की थी। उसे बाहर निकाल दिया था। फिर एक के बाद एक बच्चों की शिकायत आने लगी। हमने सभी अभिभावकों के साथ मंगलवार को बैठक की। बैठक में 20 से अधिक बच्चों के अभिभावक आए थे। सभी ने सेवादार अजय की शिकायत अपने माता-पिता से की थी। उनका गुस्सा भी अजय ठाकुर पर ही था। बैठक में एक-एक कर बच्चों को बुलाकर अजय के बारे में जानकारी ली, लेकिन इसी दौरान एक बच्चे ने रोते हुए आचार्य राहुल शर्मा का नाम भी लिया।

# कानून से ऊपर नहीं ईडी, आम लोगों के खिलाफ नहीं कर सकता सख्त कार्रवाई', जांच एजेंसी पर कोर्ट की सख्त टिप्पणी

**नईदिल्ली, 02 मई [एजेंसी]।**

नौकरी के बदले जमीन से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित व पूर्व रेल मंत्री लालू यादव के करीबी व्यवसायी अमित कत्याल का इलाज कर रहे निजी डॉक्टरों के बयान दर्ज करने के लिए कड़े धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए)-2002 का इस्तेमाल करने के लिए राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की खिंचाई की है। ईडी की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए अदालत ने कहा कि ईडी कानून से बंधा है और आम नागरिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं कर सकता है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि मजबूत नेता, कानून और एजेंसियां आम तौर पर उन्हीं नागरिकों को परेशान करती हैं, जिनकी रक्षा करने का वे कसम खाती हैं। हालांकि, अदालत ने कत्याल की अंतरिम जमानत को बढ़ाने से इनकार कर दिया। कल्याल को पांच फरवरी को चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत मिली थी। अदालत ने नोट किया कि कत्याल ठीक होने की राह पर हैं और जेल परिसर के भीतर निर्धारित जीवन शैली का पालन कर सकते हैं। विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने कहा कि भारत जैसे लोकतंत्र में नागरिकों के पास अधिकार तो राज्य के पास कुछ कर्तव्य हैं और इस मौलिक संबंध को एक सत्तावादी तर्क को लागू करने के लिए बदला नहीं जा सकता है। अदालत ने कहा कानून और अदालतों के प्रति जवाबदेह एजेंसी के रूप में ईडी अपने अधिकार अपने पास नहीं रख सकती। अदालत ने उक्त टिप्पणी कत्याल की तरफ से पेश किए गए तर्क को स्वीकार करते हुए दिया। कत्याल की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास पाहवा ने पीएमएलए की धारा-50 के तहत मेदांता व अपोलो अस्पताल के उन निजी डाक्टरों के बयान दर्ज करने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी, जिनसे उनका मुवक्किल परामर्श ले रहा था। उन्होंने तर्क दिया था कि यह न केवल धारा-50 पीएमएलए के तहत अनुमेय कार्रवाई का उल्लंघन है, बल्कि चिकित्सा उपचार की गोपनीयता व आरोपित के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि ईडी द्वारा चिकित्सकों पर कड़े कानून के उपयोग के कारण अपोलो अस्पताल के डॉक्टरों ने आरोपित का इलाज करने में आनाकानी की और आखिरकार आरोपित का इलाज मेदांता अस्पताल में किया गया। पाहवा के तर्क को स्वीकार करते हुए अदालत ने कहा कि व्याख्या के किसी भी दायरे में धारा-50 के उस विस्तारित दायरे पर विचार नहीं किया जा सकता है, जिसमें डाक्टरों सहित नागरिकों के बयान दर्ज करना शामिल है। अदालत ने कहा कि आरोपित के साथ डाक्टरों की सांठगांठ के रत्ती भर भी आरोप के बगैर ईडी के लिए एक सामान्य नागरिक को धारा -50 की कड़ी प्रक्रिया के अधीन करने का कोई औचित्य नहीं है।

# गर्मियों में ट्रैवल कर रहे हैं तो ऐसे तैयार रहें कंफर्टेबल के साथ-साथ स्टाइलिश भी दिखेंगी



गर्मी के महीनों के दौरान यात्रा करना रोमांच और विश्राम के अनंत अवसर प्रदान करता है। चाहे आप समुद्र तट पर छुट्टी, लंबी पैदल यात्रा या शहर की खोज की योजना बना रहे हों, अपनी यात्रा के दौरान आराम और शैली दोनों सुनिश्चित करने के लिए समझदारी से पैक करना आवश्यक है।

1. हल्के कपड़ों के विकल्प

जब गर्मियों की यात्रा की बात आती है, तो हल्के और सांस लेने योग्य कपड़े आपके सबसे अच्छे दोस्त होते हैं। गर्म मौसम में ठंडा और आरामदायक रहने के लिए सूती, लिनन या नमी सोखने वाले सिंथेटिक्स जैसी सामग्री से बने कपड़े चुनें।

2. बहुमुखी पोशाक विकल्प

ऐसे बहुमुखी टुकड़े पैक करें जो बिना अधिक पैकिंग के अलग-अलग लुक देने के लिए आसानी से मिश्रित और मेल खा सकें। सुंड्रेसेस, शॉर्ट्स, टैंक टॉप और हल्की परतों जैसी वस्तुओं को पैक करने पर विचार करें जिन्हें तापमान बदलने पर परतदार या हटाया जा सकता है।

3. धूप से सुरक्षा अनिवार्य

गर्मियों की यात्रा के दौरान अपनी त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाना महत्वपूर्ण है। अपने आप को यूवी विकिरण से बचाने के लिए उच्च एसपीएफ वाला सनस्क्रीन, धूप का चश्मा, चौड़ी किनारी वाली टोपी और यूपीएफ सुरक्षा वाले हल्के कपड़े पैक करना सुनिश्चित करें।

4. आरामदायक जूते

आपके द्वारा नियोजित गतिविधियों के लिए उपयुक्त आरामदायक जूते चुनें। पैदल भ्रमण और शहरों की खोज के लिए, गद्देदार तलवों वाले सहायक स्नीकर्स या सैंडल चुनें। यदि आप समुद्र तट या पूल पर समय बिता रहे हैं, तो वाटरप्रूफ फ्लिप-फ्लॉप या पानी के जूते पैक करें।

5. पोर्टेबल हाइड्रेशन समाधान

हाइड्रेटेड रहना महत्वपूर्ण है, खासकर गर्म मौसम में। यात्रा के दौरान हाइड्रेटेड रहने के लिए एक रिफिल करने योग्य पानी की बोतल लाएँ, और बाहरी गतिविधियों के दौरान खोए पोषक तत्वों की भरपाई के लिए इलेक्ट्रोलाइट टैबलेट या पाउडर पैक करने पर विचार करें।

6. कॉम्पैक्ट यात्रा सहायक उपकरण

अपने आराम और सुविधा को बढ़ाने वाले कॉम्पैक्ट यात्रा सहायक उपकरण पैक करके अपने सामान में जगह को अधिकतम करें। एक यात्रा के आकार का छाता, बहुमुखी स्टाइल के लिए एक हल्का स्कार्फ, आपके उपकरणों के लिए एक पोर्टेबल चार्जर और लंबी यात्राओं के लिए एक यात्रा तकिया जैसी चीजें एक बड़ा अंतर ला सकती हैं।

7. प्रैक्टिकल डेपैक या टोटे

दैनिक सैर के दौरान अपने आवश्यक सामान ले जाने के लिए एक हल्का डेपैक या टोट आवश्यक है। ऐसे पैक की तलाश करें जो पहनने में आरामदायक हो और जिसमें व्यवस्थित करने के लिए पर्याप्त जेबें हों। बोनस अंक यदि यह उपयोग में न होने पर आसान भंडारण के लिए फोल्डेबल हो।

8. यात्रा-अनुकूल प्रसाधन सामग्री

जगह और वजन बचाने के लिए अपने टॉयलेट्री बैग को यात्रा-आकार की आवश्यक वस्तुओं से व्यवस्थित करें। यात्रा के आकार के शैंपू, कंडीशनर, बॉडी वॉश और फेशियल क्लीन्ज़र जैसे आइटम पैक करें, साथ ही यात्रा के दौरान सुरक्षा के लिए सनस्क्रीन और कीट विकर्षक की छोटी बोतलें भी पैक करें।

9. स्टाइलिश एक्सेसरीज

स्टाइलिश एक्सेसरीज़ के साथ अपनी ग्रीष्मकालीन यात्रा अलमारी को उन्नत करें जो आपके आउटफिट में आकर्षण जोड़ती हैं। स्टेटमेंट ज्वेलरी, एक हल्का स्कार्फ या सारंग, एक चौड़ी किनारी वाली स्ट्रॉ टोपी और एक बहुमुखी क्रॉसबॉडी बैग पैक करने पर विचार करें जो आपकी शैली को पूरक करता है।

10. हल्के बाहरी वस्त्र

जबकि गर्मियों का तापमान आम तौर पर गर्म होता है, ठंडी शामों या अप्रत्याशित मौसम परिवर्तन के लिए हल्के जैकेट या स्वेटर पैक करना बुद्धिमानी है।

ऐसा पैक करने योग्य विकल्प चुनें जो आपके सामान में ज़्यादा जगह न ले, लेकिन ज़रूरत पड़ने पर पर्याप्त गर्माहट प्रदान करे। रणनीतिक रूप से पैकिंग करके और आराम और शैली को प्राथमिकता देकर, आप एक यादगार और सुखद ग्रीष्मकालीन यात्रा अनुभव सुनिश्चित कर सकते हैं।

अपने सामान में इन आवश्यक वस्तुओं के साथ, आप सर्वश्रेष्ठ दिखने और महसूस करने के साथ-साथ आपके रास्ते में आने वाले किसी भी रोमांच के लिए तैयार रहेंगे।

## एक नहीं है स्ट्रेस, एंग्जाइटी और डिप्रेशन की समस्या, जानें तीनों मेंटल कंडीशंस में क्या है अंतर



एंग्जायटी और डिप्रेशन दोनों मेंटल हेल्थ से जुड़ी समस्याएं हैं. दोनों ही खतरनाक मानी जाती हैं. यही कारण है कि डॉक्टर हमेशा इनसे बचने और सावधान रहने के लिए कहते हैं. कई बार सामान्य उदासी और तनाव को लोग एंग्जायटी और डिप्रेशन मान लेते हैं, जो गलत है. क्या आप एंग्जायटी और डिप्रेशन में अंतर जानते हैं. अगर नहीं तो इस आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं दोनों के बीच का फर्क...

एंग्जायटी क्या होता है

यह एक तरह का ऐसा मेंटल डिसऑर्डर होता है, जिसे चिंता, डर या आशंका से जोड़कर डॉक्टर देखते हैं. छोटी सी भी बात पर एकदम से घबरा जाना और बेचैन हो जाना इसके लक्षण होते हैं. इसके अलावा किसी चीज से डरना और उसे सोच-सोचकर तनाव महसूस करना, दिल की धड़कनों का बढ़ना, ओवरथिंकिंग एंग्जायटी होता है. ऐसी स्थितियां होने पर तुरंत डॉक्टर से मिलकर बात करनी चाहिए.

एंग्जायटी के लक्षण

* समय-समय पर बेचैनी
* चिड़चिड़ापन
* मांसपेशियों में तनाव
* ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई
* दिल की धड़कनें बढ़ना
* अधिक पसीना आना
* कांपना और सांस लेने में दिक्कतें

डिप्रेशन क्या होता है

डिप्रेशन यानी अवसाद मूड से जुड़ा डिसऑर्डर है, जिसकी चपेट में आने पर इंसान हमेशा उदास रहता है, किसी काम में मन नहीं लगता है. वो काम भी बुरे लगने लगते हैं, जो कभी बहुत ज्यादा पसंद आते थे. इसे एंग्जायटी से ज्यादा खतरनाक माना जाता है. अगर इसका सही समय पर इलाज न करवाया जाए तो स्थिति बिगड़ सकती है. हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि गंभीर मामलों में डिप्रेशन का शिकार व्यक्ति सुसाइड तक की सोचने लगता है. डिप्रेशन मौत का कारण भी बन सकता है.

डिप्रेशन के लक्षण

* लगातार उदास रहना
* थकान, भूख या वजन में बदलाव
* नींद में गड़बड़ी, अपराध की भावना
* ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई
* सुसाइड का ख्याल मन में आना

## 23 साल की उम्र में पलक तिवारी ने इंटरनेट पर मचाई सनसनी



पलक तिवारी आए दिन अपने लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट बॉडीकॉन आउटफिट में फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग फैशन देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

एक्ट्रेस पलक तिवारी आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी कुछ तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं।

ओपन कर्ली हेयर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस पलक तिवारी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। साथ ही फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। इन फोटोज में आप देख सकते हैं पलक तिवारी सिजलिंग अंदाज में पोज देते हुए ग्लैमरस फोटोज क्लिक करवा रही हैं। पलत तिवारी ना सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि फिटनेस और खूबसूरती से भी फैंस को दीवाना बनाए रखती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस 23 साल की हैं। और उन्होंने इतनी कम उम्र में दर्शकों के बीच अपनी अच्छी खासी पहचान बना रखी है। पलक तिवारी को असली पहचान म्यूजिक एलबम वीडियो बिजली-बिजली से मिली थी। वहीं एक्ट्रेस ने अपना बॉलीवुड डेब्यू सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से किया था।

## योग से मेरे जीवन में बदलाव आया:समायरा संधू



खूबसूरत अभिनेत्री समायरा संधू ने हाल ही में योग के उनके जीवन पर परिवर्तनकारी प्रभाव के बारे में खुलासा किया है। विभिन्न परियोजनाओं में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली बहुमुखी अभिनेत्री ने योग के साथ अपनी यात्रा साझा की और बताया कि यह कैसे उनकी जीवनशैली का अभिन्न अंग बन गया है। एक स्पष्ट बातचीत में, समायरा ने खुलासा किया, मैंने 2022 में एक प्रसिद्ध योग गुरु के साथ उन्नत योग सीखना शुरू किया। हालांकि मैं बचपन से ही अपनी मां के साथ बुनियादी योग का अभ्यास कर रही हूं, क्योंकि वह मुझे इसके लिए प्रोत्साहित करती थीं। हालांकि, मैंने इसे सीख लिया। केवल पिछले दो वर्षों में बहुत गंभीरता से। योग के प्रति उनका समर्पण केवल शारीरिक फिटनेस से परे समग्र कल्याण के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समायरा ने इस बात पर जोर दिया कि उनके लिए योग महज व्यायाम दिनचर्या से परे है। उन्होंने बताया, मैं जिम से ज्यादा योग में विश्वास करती हूं क्योंकि यह सिर्फ शारीरिक सेहत के बारे में नहीं है, बल्कि इसमें मानसिक सेहत भी शामिल है। जब मैं योग का अभ्यास करती हूं तो मैं बहुत ऊर्जावान और फिट महसूस करती हूं। स्वास्थ्य के प्रति यह समग्र दृष्टिकोण एक अभिनेत्री के रूप में उनकी व्यस्त जीवनशैली से मेल खाता है, जहां निरंतर यात्रा और काम के दबाव के बीच संतुलन बनाए रखना सर्वोपरि है। अपनी बहुमुखी प्रतिभा और आकर्षक ऑन-स्क्रीन उपस्थिति के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री ने हमेशा अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन से दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ी है। विविध किरदारों को चित्रित करने से लेकर अपने शानदार लुक से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने तक, समायरा ने अपने प्रत्येक प्रोजेक्ट में लगातार स्तर बढ़ाया है। समायरा ने साझा किया, मनोरंजन उद्योग में जीवन की उथल-पुथल के बीच योग मेरा सहारा रहा है। यह मुझे जमीन से जुड़े रहने, ध्यान केंद्रित करने और ऊर्जावान रहने में मदद करता है। एक परिवर्तनकारी अभ्यास के रूप में योग का उनका समर्थन शारीरिक फिटनेस से परे इसकी सार्वभौमिक अपील और लाभों को रेखांकित करता है।

# पंचायत सीजन 3 को लेकर प्राइम वीडियो का नया अपडेट कुछ इस अंदाज में बताई ओटीटी पर रिलीज की तारीख



प्राइम वीडियो की शानदार सीरीज में से एक पंचायत 3 काफी सुर्खियों में बनी हुई है। इसका पहला सीजन साल 2020 में आया था, जिसे लोगों से काफी प्यार मिला। इसके दो साल बाद 2022 में मेकर्स इसका दूसरा सीजन लेकर आए और ऑडियंस ने उसे भी काफी पसंद किया था। इसके बाद से ही इसके तीसरे सीजन का हाइप बना हुआ है।

फैंस भी बड़ी बेसब्री के साथ पंचायत सीजन 3 की रिलीज डेट का इंतजार कर रहे हैं। अब हाल ही में प्राइम वीडियो ने पंचायत सीजन 3 की रिलीज डेट को लेकर बड़ा अपडेट शेयर किया है। अगर आपको भी इसकी रिलीज डेट जाननी है, तो ये काम करना होगा।

प्राइम वीडियो ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें बहुत सारी लौकी ही लौकी दिखाई दे रही हैं। वीडियो शुरू होते ही इस पर लिखा हुआ दिखाई देता है कि पंचायत सीजन 3 आने वाला है... फिर वो लौकी से ढक जाता है। इसके बाद लिखा हुआ दिखाई देता है कि लौकियों के पीछे क्या है? कैप्शन देखें। कैप्शन में लिखा गया है कि यह जानने के लिए इंतजार नहीं कर सकते कि पंचायत का नया सीजन कब आ रहा है। हमारे बायो में दिए गए लिंक पर जाएं और तारीख जानने के लिए एक लौकी हटाएं। इस वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा कि देखा जा रहा है बिनोद कैसे गेम लेकर बात को घुमाया जाता है। तो वहीं, कुछ लोग लिख रहे हैं कि यह 13 मई को आएगी, तो कुछ 15 मई बता रहे हैं। अब यह पहेली कब सुलझेगी ये तो प्राइम वीडियो ही बता सकता है।

बता दें कि इससे पहले पंचायत सीजन 3 से जितेंद्र कुमार यानी सचिव जी का पोस्टर शेयर किया गया था, जिसमें वह कंधे पर बैग टांग कर बाइक पर जाते दिखे। वहीं, दूसरे पोस्टर में पंचायत 2 के कैरेक्टर भूषण यानी बनराकस, विनोद और प्रह्लाद एक साथ नजर आए।

## बॉक्स ऑफिस पर आयुष शर्मा की रुसलान का हाल बेहाल

अभिनेता आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान का बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत से हाल बेहाल है।रिलीज से पहले इस फिल्म का खूब प्रचार-प्रसार किया गया, जिससे लग रहा था कि यह टिकट खिड़की पर तहलका मचा देगी। हालांकि, यह पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर फुस्स हो गई।फिल्म की दैनिक कमाई शुरुआत से लाखों में सिमटी हुई है।अब रुसलान की कमाई के चौथे दिन का आंकड़े सामने आए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, रुसलान ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी सोमवार को 40 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 2.55 करोड़ रपये हो गया है।रुसलान ने 55 लाख रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी।दूसरे दिन फिल्म की कमाई में मामूली बढ़त देखने को मिली और इसने 75 लाख रुपये कमाए।

## मनपसंद गाना लगाइए और मस्ती में थिरकिए, छूमंतर होगा स्ट्रेस

रोजाना कुछ देर डांस करके सेहतमंद बन सकते हैं. एक्सपर्ट्स इसे मेंटल और फिजिकल हेल्थ के लिए फायदेमंद मानते हैं. उनका कहना है कि डांस से पूरी बॉडी एक्टिव होती है और तनाव दूर हो सकता है.

रोजाना कुछ देर डांस करके सेहतमंद बन सकते हैं. एक्सपर्ट्स इसे मेंटल और फिजिकल हेल्थ के लिए फायदेमंद मानते हैं. उनका कहना है कि डांस से पूरी बॉडी एक्टिव होती है और तनाव दूर हो सकता है.



डांस सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है. डांस करने से पूरी बॉडी एक्टिव होती है और तनाव भी दूर होता है. इसका मकसद डांसर्स का उत्साह बढ़ाना और डांस के अलग-अलग फॉर्म्स को बढ़ावा देना है. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, हर दिन 15-20 मिनट डांस करके ही कई फायदे पा सकते हैं, इसलिए अपना मनपसंद गाना लगाकर कुछ देर थिरक सकते हैं. ऐसे में आइए जानते हैं डांस करने से सेहत को क्या-क्या फायदे मिलते हैं... डांस करने से फैट बहुत तेजी से कम होता है. अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो डांस करना फायदेमंद हो सकता है. जुंबा, बेली, क्लासिकल, हिप हॉप करके मोटापा-वजन कम कर सकते हैं.

## शब्द सामर्थ्य -044

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पार्चवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 043 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | | ब | नि | या | | दे |
| वा | | ती | त | र | | रा | जी | व |
| ह | मा | म | | स | प | ना | | ता |
| | न | | | | टा | | | |
| दा | व | त | | वि | ना | श | | अ |
| य | | ह | त्या | | | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | | न | ज | र | | ब |
| | खा | | | | मी | | ना | श्य |
| दु | ला | रा | | जा | न | की | | क |

## द ग्रेट इंडियन कपिल शो में आएंगे सनी देओल और बॉबी देओल, प्रोमो वीडियो जारी



कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा के नए शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो को दर्शकों का काफी प्यार मिल रहा है।इस शो के अब तक पांच एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं, जिनकी सफलता के बाद अब निर्माताओं ने द ग्रेट इंडियन कपिल शो का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है।दिग्गज अभिनेता सनी देओल अपने छोटे भाई और अभिनेता बॉबी देओल के साथ द ग्रेट इंडियन कपिल शो के छठे एपिसोड के मेहमान होंगे।

नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर द ग्रेट इंडियन कपिल शो का नया प्रोमो वीडियो साझा किया है, जिसमें सनी और बॉबी खूब मस्ती करते नजर आ रहे हैं।इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, सभी को अपना यमला, पगला, दीवाना बनाकर कॉमेडी मंच पर कब्ज़ा जमाने के लिए तैयार हैं देओल बंधु।बता दें, द ग्रेट इंडियन कपिल शो के इस एपिसोड को आप शनिवार (4 मई, 2024) को रात 8 बजे नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो प्रोमो में कीकू शारदा, कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर के लुक भी दिखाए गए हैं. कपिल की टीम इस बार खूब हंसाने वाली है. मगर माहौल तब भावुक हो जाता है जब सनी पाजी बीते साल के बारे में बताते हैं. जहां वह बात करते करते इमोशनल हो जाते हैं तो बॉबी देओल की आंखों से भी आंसू छलक उठते हैं.

## मशीनों की कमिशनिंग सतर्कता के साथ करने के दिए गए निर्देश



**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिले के 306 मतदान केन्द्रों के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन की कमीशनिंग आज रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुण्ठपुर परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम में प्रारंभ किया गया। कमिशनिंग के पूर्व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोला गया तत्पश्चात जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दलों के लिए इव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन का कमिशनिंग कार्य पूरा किया जा रहा है। इसके लिए प्रशिक्षित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री लंगेह ने कमिशनिंग कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारियों से सावधानी, सजगता एवं कुशलतापूर्वक अच्छी तरह मशीनों की जांच करें। किसी भी तरह की आशंका होने पर तत्काल अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करें। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती अंकिता सोम, अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकाम, डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दीपिका नेताम, डिप्टी कलेक्टर राकेश साहू, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नियम तोड़ने पर 6 हजार से ज्यादा चालकों पर कार्रवाई कर वसूले 19 लाख



**सूरजपुर।** उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तथा सड़क हादसों से बचाव के लिए लोगो को जागरूक करने के साथ ही यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। माह अप्रैल 2024 में जिले की पुलिस ने ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वाले 6269 लोगों पर कार्यवाही करते हुए 19 लाख 46 हजार 3 सौ रूपये का समन शुल्क वसूल किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के मार्गदर्शन में थाना-चौकी प्रभारी सहित यातायात पुलिस के द्वारा माह अप्रैल 2024 में विभिन्न चौक-चौराहों, अंर्तराज्जीय व जिले की सरहदी क्षेत्र में स्थित बैरियर में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 6269 वाहन चालक जो बिना हेलमेट, बिना लायसेंस, बिना सीटबेल्ड, दो पहिया वाहन में तीन सवारी व बिना दस्तावेज एवं यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही कर 19 लाख 46 हजार 3 सौ रूपये का समन शूल्क अर्जित कर शासन के कोष में जमा किया। यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय ने वाहन चालकों से अपील किया है कि जिले की यातायात व्यवस्था को सुगम सुरक्षित बनाने में पुलिस का सहयोग करें, यातायात नियमों का पालन करें, अपने नाबालिक बच्चों को कभी भी वाहन न दे जब-तक वे 18 वर्ष के न हो जाये व परिवहन विभाग से वाहन चलाने का वैध लायसेंस न बना ले। दोपहिया में तीन सवारी न चले, बिना हेलमेट देपहिया वाहन न चलाए, बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन न चलाए नशे की हालत में वाहन न चलाएं, दुर्घटना से देर भली-जीवन अनमोल है।

# लोकसभा चुनाव के मात्र दो प्रत्याशी नजर आ रहे हैं मैदान में

### बाकी 25 प्रत्याशियों को देखने को तरस रही है जनता, भाजपा ने झोकी ताकत

**चर्चा कालरी।** कोरबा लोकसभा चुनाव में दो दर्जन से भी अधिक लगभग 27 प्रत्याशी मैदान में है बावजूद इसके लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र में मात्र भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी का प्रचार प्रसार चल रहा है 7 में को मतदान होना है अर्थात मतदान हेतु मंत्र 5 दिन बचे हैं इसके बावजूद बाकी प्रत्याशियों का कोई अता-पता ही नहीं है शिवपुर चर्चा की जनता बाकी 25 प्रत्याशियों से रूबरू होने को वंचित रह जा रही है इससे प्रतीत होता है कि सुनियोजित तरीके से जानबूझकर प्रत्याशियों की संख्या बढ़ाई गई है प्रचार के क्रम में भाजपा काफी आगे नजर आ रही है भाजपा के प्रचार एवं जनसंपर्क टीम में पुरुषों की अपेक्षा महिला कार्यकर्ताओं की कि भारी भरकम फौज प्रतिदिन डोर टू डोर जनसंपर्क में लगी हुई है।

भाजपा महिला मोर्चा चुनावी रणनीति के तहत देश की आधी आबादी अर्थात महिला मतदाताओं को अपनी ओर आकृष्ट करने में लगी हुई है है वही कांग्रेस के पास कार्यकर्ताओं का अभाव नजर आ रहा है गत रविवार को साप्ताहिक बाजार के दिन कांग्रेस की आमसभा में गिनती के लोग थे कांग्रेस पार्टी के प्रचार में अजीत लकड़ा, हेमसागर यादव सहित कुछ ही लोग नजर आते हैं वही भाजपा के आम सभा में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति थी रविवार के पूर्व भाजपा का प्रचार प्रसार स्थानीय स्तर पर बेहद धीमा था परंतु अचानक ऊपर से दिशा निर्देश मिलने के बाद भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता समर्पित भाव से पार्टी की गतिविधियों में लग गए भाजपा के चुनाव प्रचार मे महिला नेत्रियां उर्मिला सिंह ,दीपा विश्वकर्मा शिल्पा शर्मा, साक्षी सिंह निरूपा सारथी सीमा सिंह आदि काफी मुखर नजर आ रही हैं जो प्रत्येक महिलाओं को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से होने





वाले लाभ महतारी वंदन, उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दे रही हैं वही शैलेश शिवहरे, राजेश सिंह ,अरुण जायसवाल के नेतृत्व में चर्चा मंडल पूरी ताकत झोंक रहा है। कोरबा लोकसभा में भाजपा की ओर से सुश्री सरोज पांडे प्रत्याशी हैं वही कांग्रेस की ओर से श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत उम्मीदवार है सरोज पांडे भाजपा की कद्दावर एवं राष्ट्रीय स्तर की महिला नेत्री है राजनीति का उन्हें दीर्घ अनुभव है ओजस्वी वक्ता होने के साथ ही उनकी सहज सरल छवि मतदाताओं को प्रभावित कर रही है वही वर्ष 2019 में श्रीमती महंत पहली बार लोकसभा चुनाव जीती थी श्रीमती महंत के पति चरण दास महंत वर्तमान में छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं इसके पूर्व कांग्रेस सरकार में केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं श्रीमती महंत के ससुर स्वर्गीय विशाहू दास महंत बहुत ही लोकप्रिय नेता रहे हैं महंत परिवार की क्षेत्र में अच्छी पकड़ है देखना है कि कोरबा लोकसभा की जनता किसे अपना आशीर्वाद प्रदान करती है। कुछ समय पूर्ण संपन्न हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र से भाजपा को लगभग 1800 वोटो की बढ़त मिली थी देखना यह है कि इस बढ़त को भाजपा लोकसभा चुनाव में बरकरार रखती है या फिर इससे बढ़कर वोटो का अंतर हासिल करेगी। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में मिली जीत से उत्साहित भाजपा पदाधिकारी शिवपुर चर्चा क्षेत्र में अबकी बार 2500 पार का नारा दे रहे हैं उनका कहना है कि विधानसभा चुनाव में 1800 की बढ़त को हम 2500 के पार करेंगे वहीं क्षेत्र में कांग्रेस कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र में कांग्रेस बिखरी हुई नजर आ रही है यहां कांग्रेस के दो गुट है जिले के जिम्मेदार कांग्रेसी नेतृत्व इस गंभीर समस्या से अच्छी तरह अवगत है लोकसभा विधानसभा चुनाव के पूर्व दोनों गुटों के वरिष्ठों को गले मिलवाया गया था किंतु *दिल मिले ना मिले, गले मिलाएं रखिए* के तर्ज पर काम हुआ और विधानसभा चुनाव में भारी अंतर से कांग्रेस की हार हुई 15 वार्ड वाले शिवपुर चर्चा में 14 वार्डों में भाजपा को बढ़त मिली थी बड़े नेताओं के आगमन पर स्थानीय कांग्रेस के पदाधिकारी अपनी हाजिरी बजाकर कोरम पूरा कर लेते हैं जबकि आम मतदाताओं के पास उनकी पकड़ लगातार कम होती जा रही है कांग्रेस की इसी कार्यशैली का लाभ भाजपा को मिल सकता है।

## गुप्ता का सवाल, भाजपा को पूरे संसदीय क्षेत्र में क्या एक भी कार्यकर्ता प्रत्याशी के लायक नहीं मिला

### यह चुनाव जन-जंगल और जमीन बचाने का चुनाव है

**बैकुंठपुर/कोरिया।** कोरबा लोकसभा की उम्मीदवार ज्योत्सना चरणदास महंत के पक्ष में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता गांव गांव जाकर नुक्कड़ आम सभा के माध्यम से लोगों को कांग्रेस के पक्ष में वोट देने के लिए अपील कर रहे हैं।

प्रदीप गुप्ता ने कहा ने कहा भारतीय जनता पार्टी ने सभी सामग्री पर जीएसटी लगा दिया है,जिससे लोगों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है,कांग्रेस की सरकार बनने पर जीएसटी हटा दिया जाएगा। आज किसानों की खेती के लिए यूरिया का रेट को कितना बढ़ा दिया गया है हमारी सरकार आएगी तो इसमें कमी किया जाएगा,संविधान की रक्षा करना चाहते है,स्वयं की रक्षा करना चाहते है,इस हिंदुस्तान की रक्षा करना चाहते है तो इसके लिए आपको सोचना और विचरण होगा,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमे महंगाई की ओर ले जा रहे है,आज मंहगाई कितना अधिक बढ़ चुका है, बीजेपी से मैं सवाल करना चाहता हूं कि पिछले 10 सालों से किसान भाइयों को मिट्टी का तेल क्यों नहीं मिल पा रहा है पहले 5-10 रुपिया में मिट्टी का तेल मिल जाता था,आज इनका भाव ?90 -100 हो गया है, क्या बीजेपी को कोरबा लोकसभा सीट में कोई भाजपा कार्यकर्ता नहीं



मिला की दुर्गा से बाहरी प्रत्याशी को लाकर कोरबा लोकसभा का सीट दिया गया,आज हम जब अस्पतालों में जाते हैं तो हमें अनेक प्रकार के जांचों के लिए पैसा लिया जाता है बीजेपी के आयुष्मान कार्ड से किसी को फायदा नहीं हो रहा है कांग्रेस की सरकार आने पर 25 लख रुपए तक स्वास्थ्य की सुविधा दिया जाएगा।भारतीय जनता पार्टी कानून बदलने की बात करते हैं इनका खुटा हिल चुका है मोदी तिलमिला चुके है उनकी सरकारी इस बार नहीं बन रही है यह चुनाव जन-जंगल और जमीन बचाने का चुनाव हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रदीप गुप्ता, बृजवासी तिवारी, रामचंद्र राजवाडे, आशा महेश साहू,वसीम खान, आशीष,हिमसागर यादव, सौरभ गुप्ता।



## डीआईजी और एसएसपी ने सेवाकाल के अंतिम दिन एसआई का सम्मान किया

**सूरजपुर।** पुलिस विभाग में पदस्थ रहे एसआई रामसाय राम ने 42 वर्षो तक लगातार अपनी सेवा देकर 30 अप्रैल 2024 को सेवा निवृत्त हुये। मंगलवार को जिला पुलिस कार्यालय में उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने एसआई को साल-श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सेवानिवृत्त एसआई के परिजन भी मौजूद रहे। इस दौरान डीआईजी-एसएसपी सूरजपुर एम.आर.आहिरे ने कहा कि एसआई रामसाय राम पुलिस विभाग में काफी लम्बी अवधि तक अपनी सेवाएं दी है। जब किसी की पुलिस विभाग में नौकरी लगती है तो खुशी बहुत होती है किन्तु परिजन से दूर भी जाना पड़ता है। एसआई ने पुलिस विभाग में सराहनीय कार्य किये, पुलिस की नौकरी के दौरान अक्सर पुलिस कर्मी घर से दूर रहते हैं विभिन्न परिस्थितियों में नौकरी करने का अवसर मिलता है। सेवा के बाद दूसरी पारी में परिवार के साथ समय व्यतीत कर खुश रहे। पुलिस विभाग की सेवा से सेवानिवृत्त हुए एसआई को साल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और बेहतर स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, स्थापना प्रभारी अखिलेश सिंह, आनंद राम पैंकरा, पंकज नेमा, दशरथ पैंकरा, अग्रिमा मिश्रा, निरीक्षक जावेद मियांदाद, मनोज सिंह, संजय सिंह, प्रधान आरक्षक नृपेन्द्र सिंह, परिमल भट्टाचार्य, सुरेश सूर्यवंशी सहित जिला पुलिस कार्यालय के पुलिस कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# आरक्षक रामनाथ राम हुए सेवानिवृत्त

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला पुलिस बल कोरिया छत्तीसगढ़ के आरक्षक रामनाथ राम दिनांक 30 अप्रैल 2024 को अपनी अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हो गए है। इस हेतु पुलिस अधीक्षक कोरिया के निर्देश पर आज 01 मई को रक्षित केंद्र बैकुंठपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। रामनाथ राम दिनांक 07 जुलाई 1987 को भर्ती होकर पुलिस में अपनी सेवाएं दें रहे थे। लगभग 37 वर्षो की अपनी सेवा अवधि में वह जिला सरगुजा एवं कोरिया के थाना प्रतापपुर, विश्रामपुर, पोड़ी, रक्षित केंद्र, चौकी रामगढ़, बैकुंठपुर एवं केल्हारी में पदस्थ रहे है एवं वर्तमान में रक्षित केंद्र बैकुंठपुर में ड्यूटी कर रहे थे।

कार्यक्रम में रामनाथ राम के साथ कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों ने उनके साथ कार्य करने की अपनी यादें ताजा की। श्री राम ने भी अपने विभाग में कार्य के दौरान अपनी खट्टी - मीठी यादें बताई और अनुभव साझा किये। उक्त आयोजन में श्री राम के साथ कार्य करने वाले उप निरी. बीरबल राजवाड़े, प्र.आर. रामप्यारे कुजूर, आनन्द टोप्पो, आरक्षक संतलाल ने अपनी यादें ताजा की है।



एसपी कोरिया सूरज सिंह परिहार ने आरक्षक रामनाथ राम को शॉल, श्रीफल, उपहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। एसपी कोरिया ने कहा कि रामनाथ जी जैसे कर्मचारी पुलिस विभाग की पूंजी है, साथ ही उपस्थित सभी अधिकारियो एवं कर्मचारियों से कहा कि पुलिस विभाग के लिए ऐसा काम करें जिससे कि आपके सेवानिवृत होने पर आपकी रिक्तता विभाग में महसूस हो। पुलिस अधीक्षक कोरिया के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टॉफ द्वारा सेवानिवृत होने पर उनके देय स्वत्वों जैसे अवकाश नगदीकरण, परिवार कल्याण निधि, समूह बीमा योजना, डीपीएफ फाइनल पेमेंट एवं उपादान की राशि सहित सम्पूर्ण भुगतान करने की कार्यवाही कर दिया गया है।कार्यक्रम के अंत में श्री राम को पुलिस वाहन में उन्हें बैकुंठपुर के मुख्य चौक से होते हुए उनके शासकीय क्वाटर तक छोड़ा गया एवं ससम्मान विदाई दी गई है। इस उपलक्ष्य में जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक श्याम लाल मधुकर, जे.पी.भारतेन्दु, नेलशन कुजूर, राजेश साहू, प्रशिक्षु ष्ठस्क्क रविकांत सहारे, रक्षित निरीक्षक, थाना अजाक, महिला परामर्श केंद्र, यातायात प्रभारी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी शाखा प्रभारी समेत जिले के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## डॉ. आशुतोष ने मतदान करने के तरीके बताए लोगों को

**कोरिया बैकुंठपुर।** लोकतंत्र के महापर्व में प्रत्येक मतदाता महत्वपूर्ण है और उनके साथ मृदु व्यवहार रखते हुए हमें मतदान का यज्ञ पूरा करवाना है। गर्मी में हो सकता है कि कोई मतदाता थोड़ा मुश्किल से गुजरकर आपके केंद्र में मतदान करने पंहुचा हो, उस समय की परिस्थितियों को एकदम शांतचित्त होकर निपटाना और निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराना ही हमारे प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। उक्ताशय के निर्देश देते हुए प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सेदारी करते हुए सभी से प्रशिक्षण के बिंदुओं पर विस्तार से बात की।

## परिणाम अच्छे लाने के लिए जरूरी है बेहतर सोचना



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में शिक्षा व्यवस्था को लेकर हमेशा से ही सुधार की गुंजाइश रही है निश्चित तौर पर जिले के सरकारी स्कूलों के व्यवस्था पर ध्यान दिया जाए तो वह दिन दूर नहीं जब जिले के सरकारी स्कूल निजी शिक्षण संस्थाओं से बेहतर कार्य कर सकते हैं और शिक्षा व्यवस्था में शिक्षकों की भूमिका अच्छी रही तो परिणाम भी अच्छे आ सकते हैं इसका उदाहरण जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के प्राथमिक शाला चेर मैं देखने को मिला जहां पर गत 30 अप्रैल को छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम निकले परीक्षा परिणाम को देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां पर कार्यरत शिक्षकों के द्वारा कुछ हद तक मेहनत तो किया गया है लेकिन आगे और मेहनत करने की जरूरत है जिससे और बेहतर परिणाम आ सके।

स्कूल की शिक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए विकासखंड बैकुंठपुर में ढ्ढक्रष्ट प्रमुख नीलेश शुक्ला के द्वारा शाला में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कक्षा 5 वीं की छात्रा कु. माही को प्रगति पत्रक एवं समग्र शिक्षा रिपोर्ट कार्ड देकर पुरस्कृत किया गया तथा सभी छात्र छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक श्रीमती फुलेश्वरी देवी भगत सहायक शिक्षक श्रीमती कीर्ति सोनी, सुदीप चौबे तथा अभिभावक उपस्थित थे।

# नतीजे घोषित : कलेक्टर ने विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के समस्त 571 प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में परीक्षा परिणाम घोषित करने के साथ 26 हजार विद्यार्थियों को प्रगति पत्रक का वितरण किया गया। वहीं प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल की तरफ से ट्राफी, मैडल, प्रमाण पत्र, डायरी, कापी, पेन, बॉटल आदि पुरष्कृत किया गया, जिससे छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास एवं पालको में उत्साह देखा गया और इस तरह के प्रयासों को सराहा गया। जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं के परीक्षा परिणाम आने पर सभी विद्यार्थियों को बधाई दिए और आगे कक्षाओं के लिए खूब मेहनत करने को कहा।

श्री लंगेह ने कहा कि बहुत जल्दी दसवीं व बारहवीं के परीक्षा परिणाम भी आने वाले हैं। सभी विद्यार्थियों को रिजल्ट का बेसब्री से इंतजार है। उन्होंने कहा कि कुछ विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप होगे तो कुछ का परिणाम अपेक्षा से कम होंगे वहीं कुछ विद्यार्थियों के परिणाम निराशाजनक होंगे तथा कुछ जो अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नही होंगे वे निराश होंगे जिससे तनाव की स्थिति उत्पन्न होगी। श्री लंगेह ने परीक्षा में बैठे विद्यार्थियों व उनके पालकों को महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि परीक्षा निश्चित ही उत्तीर्ण होने के लिए दिए जाते हैं लेकिन कई बार अलग-



अलग कारणों के कारण परिणाम मन मुताबिक नहीं होता। ऐसे में कोई भी विद्यार्थी अपने धैर्य नहीं खोना चाहिए और पालक, अभिभावक, शिक्षक ऐसे समय में विद्यार्थियों से सकारात्मक बातें व उनकी हौसला अफजाई करनी चाहिए। जो छात्र बोर्ड परीक्षाओं में फेल हो जाते हैं उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। छात्रों को डांटने या उन्हें शर्मिंदा करने की बजाय यह समय उनके साथ खड़े होने का है। श्री लंगेह ने कहा कि जिन बच्चों के नंबर कम आएं या फिर किसी कारण फेल हो गए हैं, उन्हें शर्मिंदा करने या उन्हें डांटने- फटकारने की बजाय उनका हौसला बढ़ाने और उनकी पसंद की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करनी चाहिए। उन्हें कड़ी मेहनत करने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाना चाहिए।सकारात्मक सोच और मेहनत के दम पर विद्यार्थी आसमान छू सकते हैं। असफल रह जाने वाले या कम अंक हासिल करके दुखी/उदास/हताश होने वाले छात्र-छात्राओं से कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि बेशक असफलता निराश और दुखी करती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप आगे कुछ और नहीं कर सकते या फिर आपके भीतर कोई प्रतिभा है ही नहीं। आपके भीतर भी प्रतिभा है, जरूर है। बस आपको उसे पहचानने की जरूरत है। अपने माता-पिता से झूठ बोलने, परीक्षा में नकल करके पास होने या अध्यापकों से बहाने बनाने की बजाय आप जैसे हैं, वैसे ही रहने की कोशिश करें। हां, बस आप अपने भीतर छिपे टैलेंट को पहचानने का पूरा प्रयास करें। एक बार अपनी प्रतिभा को पहचान लेने के बाद उसे अपना जुनून बनाने की ओर अग्रसर हों। हो सकता है कि इसके लिए आपके पास संसाधन नहीं हों या कम हों, लेकिन इससे हार न मानें। इसे जिद बनाकर मेहनत और अभ्यास करेंगे, तो धीरे-धीरे उस क्षेत्र में आपको कामयाबी मिलनी आरंभ हो जाएगी। अगर ऐसा नहीं भी होता और शुरुआत में आपको सफलता नहीं मिलती, तो भी अपने प्रयास न छोड़ें। अगर आपके भीतर अपनी पहचान बनाने की जिद और भूख होगी, तो एक न एक दिन कामयाबी जरूर मिलेगी। परीक्षा संबंधित किसी भी प्रकार का मार्गदर्शन या समाधान प्राप्त करना चाहते हैं, उन विद्यार्थियों व पालको के लिए कलेक्टर श्री लंगेह के निर्देश पर हेल्प लाइन नंबर 7049771777 जारी की गई है ताकि अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सके।

# कोरबा की राह कठिन, भाजपा के चाणक्य के दावे से टेंशन

## इस सीट पर सरोज का मुकाबला ज्योत्सना से

-राजनीतिक संवाददाता-

**कोरबा।** देश में नरेंद्र मोदी के नाम की लहर और भाजपा सरकार के द्वारा पिछले 10 वर्ष के दौरान किए गए कार्यों के बावजूद आखिर ऐसा क्या समीकरण है इसके कारण कोरबा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा को बेहद संघर्ष करना पड़ रहा है। लोकसभा चुनाव की घोषणा और भाजपा के द्वारा डॉक्टर सरोज पांडे को प्रत्याशी घोषित करने के बाद से लेकर लगातार यही दावे किए जाते रहे हैं कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र उसके लिए बेहद आसान सीट है लेकिन अभी है गलतफहमी लगने लगी है। तमाम तरह के प्रयास करने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आमसभा में यह कहना कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र कठिन है, भाजपा के रणनीतिकारों की चिंता को साफ जाहिर करता है। इस तरह की बयान बाजी से मैदान पर काम कर रहे कार्यकर्ता हताशा में है और इससे कांग्रेस को एक तरह से संजीवनी मिल रही है।

छत्तीसगढ़ में सामान्य श्रेणी की लोकसभा सीट कोरबा से कांग्रेस ने दूसरी बार मौजूदा सांसद और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डा चरणदास महंत की पत्नी ज्योत्सना महंत को प्रत्याशी बनाया है। उनके सामने भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉक्टर सरोज पांडे हैं। महापौर ,विधायक और राज्यसभा सदस्य के रूप में काम करने का अनुभव उनके पास है। लोकसभा चुनाव में पहली बार वे उतरी हैं और एक प्रकार से संगठन ने उन्हें टास्क देते हुए कठिन सीट पर उतार दिया है। हालांकि चुनाव की घोषणा के समय से भाजपा खेमा लगातार इस निर्णय की सराहना करता रहा और बार-बार दोहराता रहा की बहुत आसान मुकाबला है और देश में चल रही लहर से भी यहां काफी अनुकूलता हो सकती है। इन सब के बावजूद राष्ट्रीय नेत्री के पक्ष में अब तक कई बड़े नेता रोड शो के अतिरिक्त रैली और आमसभा कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के अनेक मंत्री के अतिरिक्त केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के लिए चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह की सभा भी जिले में हुई है।

बुधवार से पहले संसदीय क्षेत्र में भाजपा को लेकर जिस तरह क्या अनुमान लगाएं जा रहे थे, उन पर एक प्रकार से अल्पविराम लगाने की कोशिश गृह मंत्री के भाषण ने की है जिसमें उन्होंने कहा कि कोरबा सीट पर मुकाबला आसान नहीं है। यद्यपि अमित शाह ने यह कहने के दौरान किसी का नाम नहीं लिया लेकिन जनता को मालूम है कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के सामने मुख्य प्रतिद्वंद्वी के रूप में कांग्रेस सांसद ज्योत्सना महंत ही हैं। भले ही भाजपा की ओर से लगातार इस बात को प्रचारित किया जाता रहा है कि सांसद पिछले 5 साल के कार्यकाल के दौरान अपने क्षेत्र से लापता रही और उनके द्वारा कोई कामकाज इलाके में नहीं कराया गया। लेकिन कांग्रेस के मीडिया प्रभारी घनश्याम तिवारी के द्वारा 2 दिन पहले ही रिकॉर्ड के साथ स्पष्ट किया जा चुका है कि खुद लोकसभा में 5 साल के दौरान ज्योत्सना महंत की उपस्थिति 85 प्रतिशत से ज्यादा रही है। मतदान के लिए एक सप्ताह से कम का समय शेष होने के साथ अब दोनों तरफ से बयानबाजी तेज हो गई है और अपने-अपने काम और आगे का रोड मैप बताने की कोशिश भी की जा रही है। दोनों ही परियों की ओर से अलग-अलग गारंटी घोषित की गई है। पढ़ने लिखने वाला वर्ग इसे अच्छे तरीके से समझ रहा है लेकिन एक बड़ा वर्ग पुराने जमाने से ढर्रे पर कायम है, यह भाजपा के लिए चिंता का कारण है।





### कांग्रेस को मेडिकल कॉलेज और ईएसआईसी हॉस्पिटल का सहारा

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में खास तौर पर कोरबा को लेकर कोई बड़े मुद्दे दोनों राजनीतिक दल यानी कांग्रेस और भाजपा के पास नहीं है। कांग्रेस ने 48 पेज का घोषणा पत्र जारी किया है तो भाजपा ने इसकी तुलना में काम पेज का घोषणा पत्र सार्वजनिक किया है। नेताओं ने मंत्रणा करने और नफा नुकसान को ध्यान में रखते हुए कई चीजों को अपने घोषणा पत्र का हिस्सा बनाया है। कोरबा में कांग्रेस जनता का समर्थन प्राप्त करने के लिए मेडिकल कॉलेज और पिछले कार्यकाल में तैयार कराए गए ईएसआईसी हॉस्पिटल को बड़ी उपलब्धि बता रही है। ईएसआईसी का आधा अधूरा सेटअप और नाम मात्र की सुविधा से श्रमिक वर्ग को बहुत ज्यादा लाभ नहीं मिल पा रहा है यह भी सर्वविदित है। दूसरी तरफ भाजपा जिला खनिज न्यास में हुए घोटाले तथा दो प्रशासनिक अधिकारियों के जेल जाने को बड़ा मुद्दा बनाए हुए हैं। केंद्र सरकार की ओर से कराए गए कार्यों को वह सीधे तौर पर भूना रही है। जबकि आगे किए जाने वाले कार्यों को भी लोगों के सामने रखने का काम कर रही है।

### इधर कुनबा बढ़ा, उधर हुआ बिखराव

लोकसभा क्षेत्र कोरबा में नया सांसद चयन के लिए जब निर्वाचन की प्रक्रिया 7 मई को होने जा रही है तब भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा 8 विधानसभा क्षेत्र में 16 लाख से अधिक मतदाताओं को मताधिकार के लिए पात्रता दी गई है। इनमें से संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद मतदाताओं की कुछ संख्या में बढ़ोतरी हुई है। विधानसभा चुनाव के बाद से भाजपा के लिए सभी तरफ माहौल अनुकूल हुआ। कोरबा भी इसमें पीछे नहीं रहा, जहां पर बड़ी संख्या में कांग्रेस, जनता जोगी कांग्रेस और दूसरे दलों से टूटकर आए पदाधिकारी व कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए। इससे भाजपा का कुनबा बड़ा है वही कांग्रेस के लिए परेशानियां तो है ही। पिछले चुनाव की तरह इस बार भी कांग्रेस कोरबा लोकसभा क्षेत्र में अपने परंपरागत वोटो के भरोसे हैं। इन सबसे अलग चुनाव में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के द्वारा भरतपुर सोनहत क्षेत्र के श्याम सिंह को मैदान में उतरने से मुख्य दोनों राजनीतिक दलों की चिंता कुछ हद तक बढ़ी है। विश्लेषण बताते हैं कि गोंडवाना को मिलने वाले वोट दूसरे राजनीतिक दल के समीकरण पर अलग-अलग तरीके से असर डालने का काम करते हैं।

## गुरमा गांव में हाथियों ने रौंदी फसल, ग्रामीणों को नुकसान



**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में 36 हाथियों का दल फिर पहुंच गया है। धरमजयगढ़ क्षेत्र से धमके हाथियों के इस दल ने रेंज अंतर्गत गुरमा गांव में एक दर्जन ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की फसल को रौंद दिया है। जिससे संबंधितों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। खबरों में बताया गया कि हाथियों के इस दल में 7 नर, 20 मादा तथा 9 शावक शामिल हैं, जिसने क्षेत्र में आते ही उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। हाथियों के इस दल के श्यांग व सिमकेदा की ओर आगे बढ़ने की संभावना है। जिसे देखते हुए संबंधित अमले को सतर्क कर दिया गया है। एक अनुमान के मुताबिक हाथियों के ताजा उत्पात में ग्रामीणों को हजारों रुपए की चपत लगी है। वन अमला द्वारा इसका आंकलन कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है जिसे मुआवजा स्वीकृति के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा जाएगा। वन विभाग की ओर से वन्य प्राणियों द्वारा संपत्ति को नुकसान पहुंचाए जाने पर उसकी भरपाई के लिए पीड़ितों को मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। गुरमा क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथियों के विचरण करने से ग्रामीणों में भय का वातावरण है। हालांकि वन विभाग द्वारा हाथियों की गहन निगरानी की जा रही है।

उधर कटघोरा वनमंडल के केंदई व एतमानगर परिक्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथियों की सक्रियता लगातार बनी हुई है जिससे ग्रामीणों को खतरा कायम है। यहां वन विभाग द्वारा हाथियों की निगरानी थर्मल ड्रोन के जरिए कराई जा रही है। इसके लिए विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बारी-बारी से ड्यूटी लगाई गई है जो मौके पर पहुंचकर हाथियों को निगरानी में जुटे रहते हैं। डीएफओ कुमार निशांत भी हाथियों की स्थिति पता लगाने रात में स्वयं जंगल की ओर निकल पड़ते हैं।

## दो मंडल में चौपाल लगाएंगे रवि भगत

**कोरबा।**युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत का आज कोरबा आगमन हो रहा है उनके द्वारा उरगा व बरपाली मंडल में चौपाल लगाते हुए लोगों से जनसंपर्क किया जाएगा। रवि भगत के द्वारा केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। रवि भगत के आगमन को लेकर ब्रिजेश यादव प्रवीण उपाध्याय, प्रीति स्वर्ण कार, शुभभ हलवाई, प्रकाश यादव,सजीव वैष्णव द्वारा तैयारी की जा रह है। इसके पहले भी रवि भगत रामपुर विधानसभा क्षेत्र में आकर लोगों से मुलाकात किया था। कार्यकर्ता सम्मेलन में भी शामिल हुए थे। युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के द्वारा अलग-अलग बाईक रैली निकाली गई थी। सम्मेलन में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए थे।

## लापता तीन बालिकाएं मिलीं दादी के घर

**कोरबा।** एकाएक लापता हुईं तीन बालिकाओं के कारण तनाव में आए परिजनों को राहत मिली है। पता चला है कि बालिकाएं कुछ किलोमीटर दूर स्थित दादी के घर पहुंच गईं। इसके पीछे सामान्य वजह सामने आई। सीएसईबी पुलिस ने गुम इंसान के मामले को जीरो करने की बात कही है।

सीएसईबी चौकी प्रभारी भीम यादव ने बताया कि बुधवार को बरपारा कोहड़िया क्षेत्र में एक परिवार की तीन कम उम्र की बालिकाएं घर से कहीं चलीं गई थीं। कुछ देर तक परिजन यही मानकर चल रहे थे कि उनकी उपस्थिति आसपास में होगी ओर वे घर आ जाएंगीं। कई घंटे बीतने पर जब नतीजे नहीं मिले तो चिंता बढ़ी तो इस बारे में पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद तलाश का काम तेज किया गया। संपर्कों के आधार पर जांच पड़ताल करने पर मालूम चला कि बरपारा से खेलते-खेलते बालिकाएं आगे निकल गई और बालकोनगर के चेकपोस्ट जा पहुंचीं। वहां पर उनकी दादी निवासरत है। उनके संरक्षण में बालिकाओं के होने की खबर मिलने से बरपारा के परिजन तनावमुक्त हुए। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई है।

## युवा मोर्चा में किया एक साथ काम उपमुख्यमंत्री ने विकेश से किया संवाद



**कोरबा।** नेताओं और कार्यकर्ता के बीच काफी सहज रिश्ते होते हैं। लेकिन हजारों की भीड़ में पुराने साथी की पहचान और पूछपरख करने वाले नेता भी बिरले हुआ करते है।

सरल सहज स्वभाव वाले छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृह जेल मामले के प्रभारी विजय शर्मा ऐसे ही नेताओं में शामिल है, जो संगठन के बाद सत्ता में पहुंचने पर भी कार्यकर्ताओं के लिए पूर्ववत है। कोरबा जिले के कटघोरा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सभा में शामिल होने के लिए विजय शर्मा भी पहुंचे थे। इस मौके पर हजारों की भीड़ इकट्ठी हुई । यहां से जाने के दौरान उन्होंने युवा मोर्चा के पदाधिकारी विकेश झा को आसानी से पहचान लिया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए केरल में संगठन का काम विजय शर्मा ने पूर्व के वर्षों में किया, तब जिला मंत्री विकेश उनकी टीम में शामिल थे। लम्बा समय एक साथ गुजारने से स्मृति मजबूत रही। इसलिए उप मुख्यमंत्री की नई भूमिका में आने पर भी विजय शर्मा ने अपने पुराने सहयोगी को न केवल पहचान बल्कि कार से उतरकर गले लगा लिया और हालचाल जाना। इस नजारे को देख मौके पर कार्यकर्ताओं की भीड़ लग गई। इस प्रकार की तस्वीर ही नेताओं को जनता में लोकप्रिय बनाती हैं।

## अग्रसेन भवन में बैठक कल

**कोरबा।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष टीकाराम मनहरण ने जानकारी देते हुए बताया कि बांकी मोंगरा स्थित अग्रसेन भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक कल रखी गई है। इस बैठक में नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत मौजूद रहेगें। कार्यक्रम की तैयारी के लिए प्रदीप अग्रवाल, नवल किशोर पंडित संजय आजाद, शैलेन्द्र मिश्रा, परामानंद सिंह, राजेश मानिकपुरी , फिरोज अंनत जुटे हुए है।

## नए सोपान के माध्यम से महिलाओं को मतदान के लिए किया जागरूक



**कोरबा।** लोकसभा चुनाव में 100प्रतिशत मतदान हो सके, इसके लिए निर्वाचन आयोग और प्रशासन कोशिश कर रहा है। कोरबा जिले में सभी श्रेणी के मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया जाना जारी है। महिलाओं के समूह को भी इसमें शामिल किया गया है । निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत कई गतिविधियां चलाई जा रही है और इसके जरिए बताने का प्रयास हो रहा है कि मतदान क्यों जरूरी है और ऐसा करने से देश को क्या कुछ फायदे हो सकते हैं। कोरबा में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समित मिश्रा के नेतृत्व में महिलाओं के स्व सहायता समूह हो के लिए जागरूकता संबंधी कार्यक्रम किए गए। इसमें नृत्य से लेकर नुक्कड़ नाटक को स्थान दिया गया। महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ इसमें हिस्सा लिया और जाना की मताधिकार क्यों जरूरी है और इसके माध्यम से वे अपनी भूमिका को किस प्रकार से जिम्मेदार बना सकती हैं। राष्ट्र के विकास के साथ-साथ अपने क्षेत्र की उन्नति में जनप्रतिनिधि किस प्रकार से योगदान देते हैं, यह जानकारी भी महिलाओं को दी गई। महिलाओं को बताया गया कि वह अपने विवेक का परिचय देने के साथ लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें और यह भी कोशिश करें कि अपने आसपास में 100प्रतिशत मतदान संभव हो।

## विधायक द्रुगेंश्वर राजू रामपुर विधान सभा क्षेत्र में लेगें बैठक

**कोरबा।** महासमुंद के भाजपा विधायक द्रुगेंश्वर राजू का आज कोरबा आगमन हो रहा है। उनके द्वारा रामपुर विधानसभा क्षेत्र के कई शक्ति केन्द्रो में बैठक ली जाएगी। उरगा मंडल के तिलकेजा में पहली बैठक होगी। इसके बाद करतला मंडल के रामपुर शक्ति केन्द्र में बैठक ली जाएगी। कुदमुरा मंडल के जिल्गा, बरपाली में भी बैठक होगी। जिसकी तैयारी जिलापाध्यक्ष आकाश सक्सेना, महामंत्री टिकेश्वर राठिया, लक्ष्मी श्रीवास, सुमित वर्मा, फुलसिंह कंवर, कमलेश अनंत के द्वारा की जा रही है। रामपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार भाजपा के कार्यक्रम हो रहे है। नारी वंदन योजना के तहत कई स्थानों पर कार्यक्रम कराए गए है। इसके अलावा युवा मोर्चा का सम्मेलन भी हुआ था।

## कटघोरा में आज शाम फ्लैग मार्च

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव संपन्न करने के लिए आसपास के जिलों के अलावा अर्ध सैनिक बल की पहुंच जिले में हो गई है। मतदान तिथि से पहले आसपास के क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था का संदेश लोगों को देने के लिए प्रशासन और पुलिस अपनी ओर से कोशिश कर रही है। इसी श्रृंखला में आज शाम कटघोरा में फ्लैग मार्च निकालने की योजना है। कटघोरा और पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चुनाव संपन्न कराने के लिए पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री देने और उन्हें रवाना करने की कार्रवाई यहां से होगी। तीनों चरण का प्रशिक्षण मतदान दलों को दिया जा चुका है।

## रिटार्यर कर्मियों का किया गया सम्मान

**कोरबा।**एसईसीएल कोरबा पूर्व केन्द्रीय कर्मशाला में कार्यरत चार कर्मियों के रिटार्यर होने पर उनका सम्मान अधिकारियो व यूनियन प्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। रिटार्यर कर्मी मनबोध, दिलहरण, राजेश व सुरीत राम का स्वागत करते हुए उन्हें घर तक छोड़ा गया। इस दौरान दिलीप सिंह, राजेश पाण्डेय, राजेन्द्र यादव, भागवत साहू, संतोष टंडन सहित अन्य सदस्य भी थे।

## सुरभि महंत का दौरा

**कोरबा।** कांग्रेस की सुरभि महंत प्रशांति सिंह सहित महिला कार्यकर्ताओं ने नुनेरा बाधाखार सहित दीपका के कई मोहल्लों में जाकर लोगों से मुलाकात की।

## राष्ट्र को हम बनाएंगे मजबूत, बालको में कर्मियों व कामगारों ने शपथ ली

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने स्वीप के अंतर्गत अंबेडकर स्टेडियम में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सीईओ जिला पंचायत, कोरबा एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा, कोरबा की नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई शामिल थी।

कार्यक्रम की शुरुआत बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार के वक्तव्य भाषण से हुई। मतदाता को जागरूक करने के लिए नुक्कड़-नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम में बालको कर्मचारियों एवं समुदाय के लगभग 600 लोगों ने हिस्सा लिया। कंपनी ने चुनावी तैयारियों में मतदाताओं के बीच जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से विभिन्न पहल की शुरुआत की है- संयंत्र के अंदर विभिन्न जगहों पर विडियो स्क्रीनिंग, परसाभाटा गेट पर कर्मचारियों के लिए ऑडियो एनाउंसमेंट, दैनिक पत्रिका बालको टुडे के द्वारा जागरूकता संदेश और समुदाय में बैनर, फ्लैक्स तथा चलित वाहन के माध्यम से ऑडियो एनाउंसमेंट जैसे पहल शुरू की गई है।



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा ने कहा कि वोट डालने का अधिकार हमें संविधान से मिला है। लोकतंत्र के इस पर्व में आप सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना है। मताधिकार के लिए अपील करते हुए उन्होंने कहा कि 7 मई के दिन आप सभी घरों से निकल कर अपने पास के मतदान केंद्र में जाकर अपने वोट के अधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने स्वीप के माध्यम से किए जा रहे कार्यक्रम के विषय में कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य आप सभी को जागरूक करने के साथ यह भी बताना है कि आप भी अपने आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। प्रतिष्ठा ममगाई ने बालको के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बालको ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रशासन का भरपूर सहयोग किया है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को निष्पक्ष मतदान हेतु शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि आप अपना मतदान जरूर करें और अपने आसपास के मतदाताओं को भी वोट का महत्व बताते हुए उन्हें प्रेरित करें।

उन्होंने आम मतदाताओं से लोकसभा चुनाव में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को निष्पक्ष मतदान हेतु शपथ दिलाई। बालको के सीईओ एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि देश की प्रगति में सभी नागरिकों का योगदान जरूरी है। लोकतंत्र के इस चुनावी महापर्व को हमें उत्साह पूर्वक मनाना है। देश की प्रगति के लिए शत-प्रतिशत मतदान बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि कंपनी मताधिकार के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है। विश्व मजदूर दिवस पर उन्होंने बालको के श्रमवीरों से आह्वान किया कि जिस तरह आप सभी ने कंपनी को आगे बढ़ाया है एकजुट होकर चुनाव में मतदान कर भारत के लोकतंत्र को मजबूत करें।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com